<u>भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I खंड-I में प्रकाशनार्थ</u>

फा. सं. 6/07/2025-डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
व्यापार उपचार महानिदेशालय
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 20 मार्च 2026

<u>अंतिम जांच परिणाम</u>

मामला सं. एडी(ओआई)-07/2025

विषय :यूरोपीय संघ, जापान, कोरिया गणराज्य ("कोरिया आरपी"), रूसी संघ ("रूस") और थाईलैंड साम्राज्य ("थाईलैंड") से 1500 श्रृंखला के "इमल्शन स्टाइरीन ब्यूटाडीन रबर" के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच।

फा.सं. 6/07/2025-डीजीटीआर -समय-समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम,1975 और उसकी समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे "पाटनरोधी नियमावली" अथवा "नियमावली" कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

1. निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे 'प्राधिकारी' कहा गया है) को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जिसे आगे "आवेदक" कहा गया) द्वारा यूरोपीय संघ, जापान, कोरिया गणराज्य ("कोरिया आरपी"), रूसी संघ ("रूस") और थाईलैंड साम्राज्य ("थाईलैंड") ("जिन्हें आगे "संबद्ध देश" कहा गया है) से "1500 श्रृंखला के इमल्शन स्टाइरीन ब्यूटाडीन रबर" ("जिसे आगे "विचाराधीन उत्पाद" या "पीयूसी" अथवा "संबद्ध सामान" कहा गया है) के आयात के संबंध में एक पाटनरोधी जांच शुरू करने की मांग करते हुए दायर एक आवेदन-पत्र -पत्र प्राप्त हुआ।

2. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त *प्रथम दृष्टया* साक्ष्य के आधार पर, संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के तथाकथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव निर्धारित करने और पाटनरोधी शुल्क की राशि, जो यदि लगाई जाए, और घरेलू उद्योग को तथाकथित क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी, की सिफारिश करने के लिए नियमावली के नियम 5 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क के अनुसार संबद्ध जांच शुरु करते हुए, भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित दिनांक 29 मार्च 2025 की अधिसूचना संख्या 6/07/2025-डीजीटीआर द्वारा एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

<u>ख. प्रकिया</u>

3. जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है:

3.1 जांच की शुरुआत

i. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 5(5) के अनुसार जांच शुरू करने से पहले भारत में संबद्ध देशों की सरकारों को उनके दूतावासों के माध्यम से वर्तमान पाटनरोधी आवेदन-पत्र -पत्र की प्राप्ति के बारे में अधिसूचित किया।

ii. उपरोक्त के अनुसार, आवेदन-पत्र -पत्र की जांच करने पर प्राधिकारी को पाटन और परिणामस्वरूप क्षति होने का प्रथम दृष्टया साक्ष्य मिला। अत:, नियमावली के नियम 5 के अनुसार, प्राधिकारी ने अधिसूचना फा. सं. 06 / 07 / 2025 - डीजीटीआर दिनांक 29 मार्च 2025 ('जांच की शुरुआत अधिसूचना') के माध्यम से वर्तमान कार्यवाही शुरू की।

3.2 आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर का परिचालन

i. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार, ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और भारत में उनके दूतावासों के माध्यम से संबद्ध देशों की सरकारों को आवेदन-पत्र -पत्र के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति उपलब्ध कराई। आवेदन-पत्र -पत्र के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, उनके अनुरोध करने पर उपलब्ध कराई गई थी।

3.3 जांच की अवधि और क्षति जांच अवधि

i. जैसा कि अधिसूचना में उल्लेख किया गया है, जांच की अवधि ('पीओआई') को 01 अक्टूबर 2023 - 30 सितंबर 2024 माना गया था। क्षति की अवधि 2021-22, 2022-23, 2023-24 और जांच की अवधि को शामिल करने के लिए निर्धारित की गई थी।

ii. क्षति की अवधि के लिए संबद्ध सामानों के लेनदेन-वार आयात आंकड़ों को उपलब्ध कराने के लिए डीजी सिस्टम से अनुरोध किया गया था। आंकड़े प्राप्त किए गए और आवश्यक विश्लेषण के लिए उसी पर भरोसा किया गया है।

3.4 संबद्ध देशों के निर्यातकों की प्रतिभागिता

i. नियम 6(2) के अनुसार, प्राधिकारी ने आवेदन-पत्र -पत्र में उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों, विचाराधीन उत्पाद के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, भारत में संबद्ध सामानों के ज्ञात आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ जांच शुरुआत की अधिसूचना की एक प्रति साझा करके जांच शुरू करने के बारे में हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया।

ii. नियम 6(4) के अनुसार, प्राधिकारी ने जांच के लिए सामान्य मूल्य और निवल निर्यात कीमत के बारे में सूचना मांगने के लिए निम्नलिखित उत्पादकों और निर्यातकों को प्रश्नावली भेजी।

क्र.सं.	संबद्ध देशों में उत्पादकों/निर्यातकों के नाम
1	रवागो डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर एनवी, यूरोपीय संघ
2	सिंथोस, यूरोपीय संघ
3	वर्सलिस सिंगापुर पीटीई लिमिटेड, यूरोपीय संघ
4	कैट्योन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, यूरोपीय संघ
5	जेटीसी कारपोरेशन, जापान
6	इटोचु कारपोरेशन, जापान
7	ज़ियोन एशिया पीटीई लिमिटेड, जापान।

8	कुम्हो पेट्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड, कोरिया
9	एलजी केम लिमिटेड, कोरिया
10	वोनचेम, लिमिटेड कोरिया
11	हंसुक केमिकल्स कंपनी लिमिटेड, कोरिया
12	एवरलाइट कोरिया कंपनी लिमिटेड, कोरिया
13	हार्टीकेम कॉर्प, कोरिया
14	कार्तली तुर्की प्लास्टिक किमया टिकारेत, रूस
15	ओम्स्की कौचुक, रूस
16	निज़नेकम्स्केनेफ्टेखिम (एनकेएनके), रूस
17	बैंकॉक सिंथेटिक्स कं. लिमिटेड, थाईलैंड
18	जेएसआर बीएसटी इलास्टोमर कंपनी लिमिटेड थाईलैंड

iii. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों की सरकारों को भारत में उनके दूतावासों के माध्यम से प्रश्नावलियां भेजी। संबद्ध देशों की सरकारों से अनुरोध किया गया था कि वे उनके संबंधित देशों में संबद्ध सामानों के उत्पादकों को जांच की शुरुआत की अधिसूचना और प्रश्नावली भेजें और उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें।

iv. उपरोक्त के उत्तर में, निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने उत्तर दिया है और निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है:

क्र.सं.	संबद्ध देशों में उत्पादकों/निर्यातकों के नाम
1	कुम्हो पेट्रोकेमिकल कं., लिमिटेड, कोरिया
2	पोस्को इंटरनेशनल कारपोरेशन, कोरिया (कुम्हो के लिए निर्यातक)
3	पोस्को इंटरनेशनल इटालिया एस.आर.एल, यूरोप (कुम्हो के लिए निर्यातक)
4	स्टर्लिटामक पेट्रोकेमिकल प्लांट जेएससी, रूस
5	बीएसटी इलास्टोमर्स कं. लिमिटेड, थाईलैंड
6	एक्सपोल डीस टिसरेट लिमिटेड शिर्केटी, तुर्की
7	बोनेक्स - एफजेडसीओ, रूस।

3.5 आयातकों/प्रयोक्ताओं की प्रतिभागिता

i. नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार, प्राधिकारी ने भारत में विचाराधीन उत्पाद के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को आवश्यक सूचना मांगते हुए एक प्रश्नावली भी भेजी:

क्र.सं.	भारत में प्रयोक्ता/आयातक का नाम
1	अग्रवाल रबर (एआरएल टायर्स)
2	अपोलो टायर लिमिटेड
3	एटीसी टायर्स प्राइवेट लिमिटेड
4	बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड
5	बिड़ला टायर
6	सीएट लिमिटेड
7	एक्सेल रबर लिमिटेड
8	फोरच इंडिया लिमिटेड
9	गारवारे फुलफ्लेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
10	गुडइयर इंडिया लिमिटेड
11	हिंदुस्तान रबर इंडस्ट्रीज
12	जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
13	मेट्रो टायर लिमिटेड
14	मिडास रबर (पी) लिमिटेड
15	एमआरएफ लिमिटेड
16	ओरिएंटल रबर इंडस्ट्रीज
17	पैरागॉन पॉलीमर प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड
18	फीनिक्स कन्वेयर बेल्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
19	पोद्दार टायर लिमिटेड
20	रालसन (इंडिया) लिमिटेड
21	सेम्परट्रान्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
22	टेगा इंडस्ट्रीज लिमिटेड

ii. उपरोक्त अधिसूचना के उत्तर में, निम्नलिखित आयातकों और प्रयोक्ताओं ने वर्तमान जांच में पंजीकरण किया है और अनुरोध किए हैं:

क्र.सं.	**भारत में प्रयोक्ता/आयातकों का नाम**
1	अपोलो टायर लिमिटेड
2	सीएट लिमिटेड
3	जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
4	जेएमएफ परफॉर्मेंस मैटेरियल्स प्रा. लि
5	एमआरएफ लिमिटेड
6	ऋषिरूप लिमिटेड
7	ऋषिरूप पॉलीमर्स प्रा. लि.

iii. प्राधिकारी ने सार्वजनिक हित और व्यापक अर्थव्यवस्था पर शुल्कों के प्रभाव का आकलन करने के लिए आर्थिक हित प्रश्नावली (ईआईक्यू) जारी की। ईआईक्यू की एक प्रति प्रत्येक संबद्ध देश के दूतावास, सभी ज्ञात निर्यातकों, आयातकों और प्रयोक्ताओं और घरेलू उद्योग को भेजी गई थी। ईआईक्यू को प्रशासनिक लाइन मंत्रालय के साथ भी साझा किया गया था। आर्थिक हित प्रश्नावली घरेलू उद्योग, कुम्हो पेट्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड, पोस्को इंटरनेशनल इटली एसआरएल, पोस्को इंटरनेशनल कारपोरेशन, अपोलो टायर लिमिटेड, सीएट लिमिटेड, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एमआरएफ लिमिटेड द्वारा दायर की गई थी।

iv. ऑटोमोटिव टायर्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) और ऑल इंडिया रबर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एआईआरआईए) द्वारा भी अनुरोध किए गए हैं; इन पर वर्तमान अंतिम जांच परिणाम में विचार किया गया है।

3.6 आगे की प्रक्रिया

i. निर्धारित समय सीमा के भीतर खुद को पंजीकृत करने वाले सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची वेबसाइट पर अपलोड की गई थी। सभी पंजीकृत हितबद्ध पक्षकारों को निर्देश दिया गया था कि वे सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को वर्तमान कार्यवाही में अपने सभी अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर परिचालित करें।

ii. हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर टिप्पणियां प्रस्तुत करने और यदि आवश्यक हो तो जांच शुरुआत की तारीख से 15 दिनों के भीतर पीसीएन प्रस्तावित करने का अवसर दिया गया था। घरेलू उद्योग के अलावा, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन के लिए प्रस्ताव के संबंध में किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार द्वारा कोई टिप्पणी नहीं की गई थी। अनुरोधों के आधार पर, प्राधिकारी ने 23 अप्रैल 2025 को पीसीएन को स्पष्ट और अधिसूचित किया।

iii. नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 20 अगस्त 2025 को आयोजित सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों को मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध देने और उसके बाद प्रत्युत्तर अनुरोध देने का निर्देश दिया गया था।

iv. निर्दिष्ट प्राधिकारी के परिवर्तन के कारण, 23 दिसंबर 2025 को एक नई मौखिक सुनवाई आयोजित की गई, जिसमें सभी हितबद्ध पक्षकारों को अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों को मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध देने और उसके बाद प्रत्युत्तर अनुरोध देने का निर्देश दिया गया था।

v. नियम 6(8) के अनुसार, जहां भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान कार्यवाही के दौरान समय पर पहुंच से इनकार कर दिया है या अन्यथा आवश्यक सूचना प्रदान नहीं की है, या जांच में अत्यधिक बाधा उत्पन्न की है, वहां प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जांच परिणाम दर्ज किए हैं।

vi. नियम 7 के अनुसार, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की प्राधिकारी द्वारा दावा की गई गोपनीयता की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक था, गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है, और वह सूचना गोपनीयता मानी गई है। तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है। जहां भी संभव

हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर सूचना का अगोपनीय सार देने का निर्देश दिया गया था।

vii. नियम 8 के अनुसार, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान किए गए आंकड़ों का सत्यापन, वर्तमान कार्यवाहियों के लिए आवश्यक मानी गई सीमा तक किया। प्राधिकारी ने वर्तमान मामले में अपने विश्लेषण में हितबद्ध पक्षकारों के सत्यापित आंकड़ों पर विचार किया है।

viii. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के लिए क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) की गणना की ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम शुल्क घरेलू उद्योग को हो रही क्षति की भरपाई के लिए पर्याप्त होगा। क्षतिरहित कीमत की गणना उत्पादन की इष्टतम लागत और भारत में घरेलू समान वस्तु के उत्पादन और बिक्री की लागत के आधार पर की गई है, जो घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर और सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) को ध्यान में रखते हुए और नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार है।

ix. प्राधिकारी ने अंतिम जांच परिणाम बनाते समय, कार्यवाही के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दों, प्रदान की गई सूचना और प्रस्तुत किए गए अनुरोधों की जांच की, जहां तक वे साक्ष्य द्वारा समर्थित थे और वर्तमान उद्देश्यों के लिए संगत माने जाते थे।

x. *** किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार दी गई सूचना और नियमावली के तहत प्राधिकारी द्वारा मानी गई सूचना दशार्ते हैं।

xi. वर्तमान जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 डॉलर = 84.27 रु. है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

4. जांच की शुरुआत के स्तर पर, विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित किया गया था:

3. विचाराधीन उत्पाद 1500 श्रृंखला का इमल्शन स्टाइरीन ब्यूटाडीन रबर है, जिसे संक्षेप में ईएसबीआर - 1500 कहा जाता है।

ग.1 हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

5. हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद अथवा समान वस्तु के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किए हैं।

ग.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

6. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. 1500 श्रृंखला के इमल्शन स्टाइरीन ब्यूटाडीन रबर के लिए आवेदन-पत्र -पत्र दायर किया गया है, जिसे संक्षेप में ईएसबीआर-1500 कहा जाता है।

ii. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद और संबद्ध देशों से आयात सभी तकनीकी और वाणिज्यिक पहलुओं में तुलनीय हैं और उपभोक्ताओं द्वारा परस्पर परिवर्तनीय रूप से प्रयुक्त किए जाते हैं।

iii. वर्तमान जांच में पीसीएन पर विचार करने का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में केवल एक श्रृंखला शामिल है।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

7. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को जांच शुरूआत की अधिसूचना के परिचालन होने के 15 दिनों के भीतर विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र या पीसीएन की आवश्यकता के संबंध में अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने न तो विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के बारे में और न ही पीसीएन की आवश्यकता के बारे में कोई टिप्पणी प्रस्तुत की। तदनुसार, दिनांक 23 अप्रैल 2025 की सूचना के अनुसार, उत्तर दायर करने के उद्देश्य से, यह स्पष्ट किया गया था कि उत्पाद का क्षेत्र वही था जो जांच की शुरुआत में परिभाषित किया गया था और पीसीएन की कोई आवश्यकता नहीं थी।

8. सूचना के बाद, किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर टिप्पणियां दायर नहीं कीं।

9. अत:, विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र निष्कर्षत: निम्नलिखित है:

"विचाराधीन उत्पाद 1500 श्रृंखला का इमल्शन स्टाइरीन ब्यूटाडीन रबर है, जिसे संक्षेप में ईएसबीआर - 1500 कहा जाता है।

क. विचाराधीन उत्पाद के बारे में

10. विचाराधीन उत्पाद 1500 श्रृंखला का इमल्शन स्टाइरीन ब्यूटाडीन रबर है, जिसे संक्षेप में ईएसबीआर-1500 कहा जाता है। प्राकृतिक रबर की तुलना में, ईएसबीआर में बेहतर प्रक्रिया क्षमता, एकरूपता, उष्मता और एब्रेजन रोधकता है। तथापि, यह लम्बाई, हॉट टीयर स्ट्रेंथ, हिस्टेरेसिस, रिलायंस और तन्य शक्ति के संदर्भ में घटिया है।

11. एसबीआर के कई ग्रेड उत्पादित किए जाते हैं, जो कोपोलिमर के स्तर (स्टाइरीन का%), इमल्सीफायर प्रकार, नाममात्र आणविक चिपचिपाहट, जमाव, विशिष्ट गुरुत्व और उत्पाद दाग द्वारा विशेषता है। उन्हें 1000, 1500, 1600, 1700, 1800 और 1900 श्रृंखलाओं में अलग किया गया है। वर्तमान जांच केवल ईएसबीआर 1500 श्रृंखला के लिए है।

12. मुख्य रूप से टायर बनाने के लिए सामानों का उपयोग किया जाता है क्योंकि इसमें अच्छे घर्षण प्रतिरोध और योजक द्वारा संरक्षित होने पर अच्छी उम्र बढ़ने की स्थिरता होती है। इसका उपयोग कन्वेयर बेल्ट, जूते के तलवों, वी-बेल्ट, ढाले हुए रबर सामान आदि में भी किया जाता है।

13. प्राकृतिक रबर की तुलना में, एसबीआर में बेहतर प्रक्रियाशीलता, एकरूपता, गर्मी उम्र बढ़ने और घर्षण प्रतिरोध है, लेकिन बढ़ाव, गर्म आंसू ताकत, हिस्टेरेसिस, लचीलापन और तन्य शक्ति के संदर्भ में यह कमतर है। एसबीआर की प्रमुख मांग ऑटोमोटिव क्षेत्र में टायर के निर्माण के लिए है। इन सामग्रियों में अच्छे घर्षण प्रतिरोध और योजकों द्वारा संरक्षित होने पर अच्छी उम्र बढ़ने की स्थिरता होती है।

ख. <u>विचाराधीन उत्पाद की विनिर्माण प्रक्रिया</u>

14. एसबीआर के उत्पादन में प्रयुक्त प्रमुख कच्चा माल स्टाइरीन और ब्यूटाडीन हैं, अन्य कच्चे माल में पानी, इमल्सीफायर डोडेसिल मर्कैप्टन, क्यूमीन हाइड्रोपेरोक्साइड, एफईएसओ4, ईडीटीए, एनए4पी710एच2ओ, पोटेशियम पर्सुलेट, एसएफएस और स्टेबिलाइजर शामिल हैं।

15. एक विशिष्ट नुस्खा में मोनोमर (स्टाइरीन और ब्यूटाडीन), पानी, इमल्सीफायर, इनिशिएटर सिस्टम, संशोधक, शॉर्टस्टॉप और एक स्टेबलाइजर सिस्टम शामिल हैं। मूल बहुलकीकरण प्रतिक्रियाएं बैच रिएक्टरों में चार्ज की जाती हैं जिसमें सभी सामग्री रिएक्टर में लोड की जाती है, और वांछित रूपांतरण तक पहुंचने के बाद प्रतिक्रियाएं छोटी रोक दी जाती हैं। वर्तमान वाणिज्यिक उत्पादन प्रतिक्रियाओं को भरकर और रिएक्टरों की एक श्रृंखला के माध्यम से बहुलकीकरण करके लगातार चलाने के लिए बनाए जाते हैं जो वांछित मोनोमर रूपांतरण पर रुकते हैं।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद के लिए सीमा शुल्क वर्गीकरण</u>

16. विचाराधीन उत्पाद सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की अनुसूची-I के अध्याय 40 - रबर और उसकी वस्तुओं शीर्ष 4002 19 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

17. विचाराधीन उत्पाद पर सीमा प्रशुल्क अधिनियम की अनुसूची-I के तहत 10% का मूल सीमा शुल्क लगता है। विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर निम्नलिखित मुक्त व्यापार करार के तहत छूट मिलती हैं और शून्य शुल्क के अध्यधीन हैं।

i. भारत-आसियान व्यापक आर्थिक सहयोग करार (आईएसीईसीए)।
ii. भारत-कोरिया व्यापक आर्थिक प्रतिभागिता करार
iii. जापान-भारत व्यापक आर्थिक प्रतिभागिता करार

18. विचाराधीन उत्पाद के लिए माप की निर्धारित इकाई मीट्रिक टन (एमटी) है, और इसे इस जांच के लिए अपनाया गया है।

घ. <u>घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित समान वस्तु</u>

19. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने समान वस्तु के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किया है। विचाराधीन उत्पाद, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित

विचाराधीन उत्पाद, भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी, प्रकार्यों और प्रयोगों, उत्पाद विनिर्देशन, वितरण और विपणन और सामानों के प्रशुल्क वर्गी करण जैसे गुणों के संदर्भ में तुलनीय है। दोनों तकनीकी रूप से और वाणिज्यक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं, और उपभोक्ता उनका परस्पर परिवर्तनीय रूप से प्रयोग कर सकते हैं।

20. यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सामान संबद्ध देशों से आयातित विचाराधीन उत्पाद की समान वस्तु हैं।

घ. <u>घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार</u>

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

21. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और उसके आधार के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और पीजेएससी सिबुर होल्डिंग संबद्ध हैं, और इसीलिए, आवेदक नियम 2 (ख) की अपेक्षा को पूरा नहीं करता।

ii. इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड ने संबद्ध सामानों की पिछली जांच में भाग लिया था, लेकिन वर्तमान जांच में नहीं हैं।

iii. आईएसआरपीएल का समर्थन पत्र साझा नहीं किया गया है, और समर्थन पत्र और साथ के आंकड़ों का अभाव याचिका के आधार में वास्तविक कमी है।

iv. आईएसआरपीएल को अपने प्रचालनात्मक और वित्तीय आंकड़ों को निर्धारित प्रारूपों में जमा करना चाहिए, जैसा कि व्यापार सूचना संख्या 13/2018 और 14/2018 द्वारा अनिवार्य है।

v. चीन जन.गण. से सीमलेस ट्यूब्स, पाइप्स और लौह के खोखले प्रोफाइल, मिश्र धातु या गैर-मिश्र धातु स्टील के आयातों से संबंधित पाटनरोधी जांच में, प्राधिकारी ने उस समय पाटनरोधी शुल्क जारी रखने की सिफारिश नहीं की जब भारत में प्रमुख उत्पादक ने जांच में भाग नहीं लिया और केवल एक समर्थक के रूप में कार्य किया।

vi. कुल घरेलू उत्पादन में आईएसआरपीएल की 50% से अधिक हिस्सेदारी है। यदि भारत का सबसे बड़ा उत्पादक जांच में भाग नहीं ले रहा है तो घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति का कोई आकलन नहीं किया जा सकता है।

घ.2 आवेदक द्वारा किए गए अनुरोध

22. आवेदक ने घरेलू उद्योग और आधार के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. भारत में संबद्ध सामानों के केवल दो उत्पादक हैं - रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड (आईएसआरपीएल)।

ii. आवेदक के उत्पादन का भारत में समान वस्तु के घरेलू उत्पादन में प्रमुख अनुपात है, अर्थात कुल भारतीय उत्पादन में 25% से अधिक का।

iii. आईएसआरपीएल ने आवेदन-पत्र -पत्र का समर्थन किया है और समर्थन-पत्र प्रदान किया है।

iv. समर्थक के शामिल होने से, आवेदक और आईएसआरपीएल का भारत में संपूर्ण उत्पादन है।

v. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और पीजेएससी सिबुर होल्डिंग के बीच कोई संबंध या संयुक्त उद्यम नहीं है। यह संबंध एसआईबीयूआर इन्वेस्टमेंट्स एजी के साथ है, जो न तो संबद्ध देशों में स्थित है और न ही विचाराधीन उत्पाद का उत्पादक है।

vi. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपने बहीखातों और खातों में पीजेएससी सिबुर होल्डिंग को संबद्ध कंपनी के रूप में नहीं पहचानती है।

vii. आरआईएल और सिबुर नियम 2 (ख) के अभिप्राय से संबद्ध नहीं हैं।

viii. आइसोब्यूटिलीन-आइसोप्रीन रबर (आईआईआर) के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच में, रिलायंस सिबुर इलास्टोमर्स प्राइवेट लिमिटेड ने एक आवेदन-पत्र -पत्र दायर किया था जहां संबद्ध देश में रूस शामिल था और सिबुर होल्डिंग की पीजेएससी में हिस्सेदारी थी, जो रूस में विचाराधीन उत्पाद का उत्पादक है। उस जांच में, प्राधिकारी ने रिलायंस सिबुर इलास्टोमर्स प्राइवेट लिमिटेड को नियम

2 (ख) के अनुसार एक पात्र उत्पादक माना। जब रिलायंस सिबुर इलास्टोमर्स प्राइवेट लिमिटेड को एक पात्र उत्पादक माना गया था, तो नियम 2 (ख) के तहत रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को एक पात्र उत्पादक नहीं मानने का कोई कारण नहीं है।

ix. आवेदक ने न तो संबद्ध देशों से उत्पाद का आयात किया है और न ही वह संबद्ध देशों के किसी उत्पादक/निर्यातक या भारत में किसी आयातक से संबद्ध हैं।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

23. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग निम्नलिखित रूप में परिभाषित है:

"(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"

24. यह आवेदन-पत्र -पत्र रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है और इसका इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थन किया गया है। नीचे दी गई तालिका आवेदक और अन्य घरेलू उत्पादक के उत्पादन को दर्शाती है।

क्र. सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
1	रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड	एमटी	***	***	***	***
2	इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड	एमटी	***	***	***	***
3	**कुल**	**एमटी**	***	***	***	***

उत्पादन में हिस्सा -%						
I	रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड	%	***	***	***	***
2	इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड	%	***	***	***	***

25. इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड (आईएसआरपीएल) ने शुल्क लगाने का समर्थन किया है। आईएसआरपीएल से समर्थन पत्र की एक प्रति घरेलू उद्योग द्वारा अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा की गई थी।

26. हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि आवेदक नियम 2(ख) के अनुसार घरेलू उद्योग की अपेक्षा को पूरा नहीं करता है क्योंकि उत्पादक पीजेएससी सिबुर होल्डिंग से संबद्ध है, जो रूस में विचाराधीन उत्पाद का उत्पादक है। तथापि, आवेदक ने इस संबंध पर विवाद किया है और अनुरोध किया है कि संबंध सिबुर इन्वेस्टमेंट्स एजी के साथ है, जो न तो संबद्ध देशों में स्थित है और न ही विचाराधीन उत्पाद का उत्पादक है। आवेदक ने पीजेएससी सिबुर होल्डिंग पर संबंध या नियंत्रण की मौजूदगी से इनकार किया है, चाहे प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से या किसी तीसरे व्यक्ति के माध्यम से हो।

27. प्राधिकारी ने क्षति की अवधि के लिए रूस से आयात आंकड़ों की जांच की है। यह नोट जाता है कि इस अवधि के दौरान, रूस से पीजेएससी सिबुर संबद्ध सामानों का कोई निर्यात नहीं है। नियम 2(ख) में निर्धारित किया गया है कि घरेलू उद्योग को संबद्ध सामानों के निर्यातकों या आयातकों से संबद्ध नहीं होना चाहिए या स्वयं संबद्ध सामानों का आयात नहीं करना चाहिए। वर्तमान मामले में, कथित संबंधित कंपनी ने भारत में संबद्ध सामानों का निर्यात नहीं किया है। उपरोक्त को देखते हुए, आवेदक को नियमावली के नियम 2(ख) के अभिप्राय से घरेलू उद्योग माना जाता है।

28. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि प्रमुख उत्पादक, इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है। इन हितबद्ध पक्षकारों ने चीन जन.गण. से सीमलेस ट्यूब्स, पाइप्स और लौह के खोखले प्रोफाइल, मिश्र धातु या गैर-मिश्र धातु स्टील के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच का संदर्भ लिया है

और अनुरोध किया है कि विगत में, प्राधिकारी ने उन मामलों में शुल्क की सिफारिश नहीं की है जहां एक प्रमुख उत्पादक केवल एक समर्थक के रूप में कार्य करता था। यह देखा जाता है कि वर्तमान जांच के तथ्य अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा भरोसा किए गए मामले के तथ्यों से भिन्न हैं। चीन जन.गण. से सीमलेस ट्यूब्स, पाइप्स और लौह के खोखले प्रोफाइल, मिश्र धातु या गैर-मिश्र धातु स्टील के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच में प्राधिकारी ने पाया कि मेसर्स महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड, जो देश में संबद्ध सामानों का प्रमुख उत्पादक और संबद्ध आवेदन-पत्र -पत्र का समर्थक है, ने लागत आंकड़ों सहित कुछ सीमित और आंशिक सूचना प्रदान की थी। प्राधिकारी ने पाया कि मेसर्स महाराष्ट्र सीमलेस लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत सीमित और आंशिक डआंकड़ों के विश्लेषण से पता नहीं चला कि संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के कथित पाटित आयातों से कोई क्षति है। वर्तमान मामले में, किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है कि आईएसआरपीएल को क्षति नहीं हो रही है। आईएसआरपीएल के वित्तीय परिणाम केवल विचाराधीन उत्पाद तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इसमें अन्य प्रमुख उत्पाद भी शामिल हैं।

29. वर्तमान मामले में, आवेदक के उत्पादन का भारत में समान वस्तु के घरेलू उत्पादन में एक प्रमुख अनुपात है। अन्य भारतीय उत्पादक के समर्थन से, दोनों कंपनियों की हिस्सेदारी कुल भारतीय उत्पादन का हिस्सा हैं।

30. आवेदक ने उल्लेख किया है कि उसने संबद्ध देशों से संबद्ध सामाि◌नों का आयात नहीं किया है। डीजी सिस्टम के लेनदेनवार आंकड़ों की जांच की गई है। यह देखा जाता है कि आवेदक ने विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है। इस संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने आवेदक के दावे पर विवाद नहीं किया है।

31. रिकॉर्ड में मौजूद सूचना और साक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी का मानना है कि आवेदक नियमावली के नियम 2 (ख) के तहत परिभाषित घरेलू उद्योग है और आवेदन-पत्र -पत्र नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार आधार की अपेक्षा को पूरा करता है।

ड. <u>गोपनीयता और विविध अनुरोध</u>

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

32. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. घरेलू उद्योग व्यापार सूचना 10/ 2018 के तहत आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहा है।

ii. घरेलू उद्योग ने विनिर्माण प्रक्रिया और अनुसंधान एवं विकास व्यय, जुटाई गई धनराशि और बिक्री लागत से संबंधित आंकड़ों में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है।

iii. घरेलू उद्योग ने आवेदन-पत्र -पत्र में उत्पादन प्रक्रिया और कच्चे सामग्री को भी गोपनीय होने का दावा किया है।

iv. घरेलू उद्योग द्वारा दायर टिप्पणियों पर कि जेएमएफ परफॉर्मेंस मैटेरियल्स प्राइवेट लिमिटेड ने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है; उत्तरदाता संबद्ध सामानों का आयातक है, न कि उत्पादक या निर्यातक। उत्पादन प्रक्रियाओं के प्रकटन से संबंधित दायित्व, उत्पादन में शामिल संबंधित पक्षकार और कच्चे माल स्रोत, आयातक पर लागू नहीं होते हैं।

v. घरेलू उद्योग जांच शुरू करने की शर्त को साबित करने के लिए कोई ठोस साक्ष्य नहीं लाया है, जबकि जांच प्राधिकारी ने संबंधित तथ्यों की उचित और पर्याप्त जांच नहीं की है।

vi. गौण स्रोतों से प्राप्त आयात आंकड़े अविश्वसनीय हौं और प्रामाणिक नहीं हैं।

vii. घरेलू उद्योग को दो दशकों से अधिक समय तक आयात प्रतिस्पर्धा से लंबे समय तक और बार-बार सुरक्षा मिली है।

viii. वित्त मंत्रालय ने पहले भी विचाराधीन उत्पाद पर शुल्क लगाने से इनकार कर दिया था।

ड.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

33. घरेलू उद्योग ने गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए है:

i. सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत गणना में दावा की गई समायोजनों की सूची को गोपनीयता के रूप में चिह्नित किया गया है।

ii. कुछ प्रश्नों के उत्तर पूरी तरह से गोपनीय होने का दावा किया गया है, जिसमें उत्पादित उत्पादों की सूची, उत्पादन और बिक्री में शामिल संबद्ध पक्षकारों, विचाराधीन उत्पाद की बिक्री, वित्तीय लेखांकन प्रणाली और वितरण का चैनल शामिल है, जिसमें कोई गोपनीय सार या तर्क नहीं है।

iii. आवेदक ने घरेलू उद्योग और अन्य भारतीय उत्पादकों के हिस्से को कुल भारतीय उत्पादन में प्रस्तुत किया था और उसके बाद प्रवृत्ति में विवरण प्रदान किया था।

iv. पक्षकार द्वारा मांगे गये अगोपनीय रूपांतर में ऐसी सूचना से संबंधित है जो आवेदन-पत्र -पत्र के गोपनीय रूपांतर का हिस्सा भी नहीं है।

v. इस अनुरोध पर कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आयात आंकड़े अविश्वसनीय हैं, डीजीटीआर नियमित रूप से डीजी सिस्टम या डीजीसीआईएंडएस से सूचना मांगता है और निर्धारण के लिए उसी को अपनाता है।

vi. इस अनुरोध पर कि घरेलू उद्योग व्यापार उपचारात्मक उपायों का एक आदतन प्रयोक्ता है, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने यह दर्शाने के लिए 6 उदाहरणों को उजागर किया है कि घरेलू उद्योग एक आदतन प्रयोक्ता है, और 3 जांचों के दौरान, घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन भी नहीं कर रहा था।

vii. अनुचित आयातों के विरुद्ध घरेलू उद्योग कितनी बार निवारण मांग सकता है, इस पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

viii. इस अनुरोध पर कि विचाराधीन उत्पाद के आयात पर पिछली जांच में उपाय नहीं लगाए गए थे, वित्त मंत्रालय द्वारा प्राधिकारी की सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया गया था। उपायों को जारी रखने और लगाने का मतलब यह नहीं है कि घरेलू उद्योग को एंटी-पाटनरोधी शुल्क के रूप में आगे सुरक्षा की आवश्यकता नहीं थी।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

34. प्राधिकारी ने नियमावली के अनुसार विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई सूचना का अगोपनीय रूपांतर सभी हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराया।

"गोपनीय सूचना: (1) नियम 6 के उप नियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

35. घरेलू उद्योग और प्रतिभागी निर्यातकों द्वारा गोपनीयता के संबंध में किए गए अनुरोधों की प्राधिकारी द्वारा संगत माने जाने की सीमा तक जांच की गई और तदनुसार हल किया गया। यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग और हितबद्ध पक्षकारों ने विभिन्न सूचनाओं पर गोपनीयता का दावा किया है, जैसे उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, बाजार हिस्सा, स्टॉक, बिक्री कीमत, लागत, लाभ, नकद लाभ, निवेश पर आय, क्षति रहित कीमत, उत्पादन संबंधी सूचना की लागत, सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत, पाटन मार्जिन, क्षति मार्जिन, कीमत समायोजन, लाभ से संबंधित सूचना, बिक्री चैनल, बिक्री और खरीद दस्तावेज, ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के नाम आदि। यह भी देखा जाता है कि जहां भी सूचना क्षति अवधि के लिए है, उसे सूचीबद्ध

आधार पर प्रदान किया गया है। सामान्य मूल्य, क्षतिरहित कीमत और कीमत कटौती जैसी सूचना को रेंज में प्रकट किया गया है।

36. हितबद्ध पक्षकारों ने विभिन्न सहायक दस्तावेजों और सूचनाओं के संबंध में गोपनीयता का दावा किया है, जहां भी ऐसी सूचना उनके द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रकट नहीं की गई है। उन मामलों में जहां किसी हितबद्ध पक्षकार ने सार्वजनिक रूप से अपनी वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय विवरणों का प्रकटन नहीं किया है, उसे गोपनीय होने का दावा किया गया है। जहां भी हितबद्ध पक्षकारों ने किसी दस्तावेज को गोपनीय होने का दावा किया है, यह नोट किया जाता है कि इन हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया है कि ये दस्तावेज सार के लिए अतिसंवेदनशील नहीं हैं।

37. प्राधिकारी ने लगातार हितबद्ध पक्षकारों को विभिन्न जांचों में घरेलू उद्योगों, विदेशी उत्पादकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदान की गई ऐसी सूचना और दस्तावेजों पर गोपनीयता का दावा करने की अनुमति दी है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपने व्यवसाय से संबंधित संवेदनशील सूचना को गोपनीय होने का दावा किया है। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने, जहां भी आवश्यक था गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है, और ऐसी सूचना गोपनीय मानी गई है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है।

38. जहां अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इस अनुरोध का संबंध है कि घरेलू उद्योग एक आदतन प्रयोक्ता है, प्राधिकारी का मानना है कि पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिशें जांच के बाद और जब अपेक्षित कानूनी आवश्यकताएं पूरी हो जाती हैं, तभी की जाती हैं। घरेलू उद्योग विदेशी उत्पादकों/निर्यातकों की अनुचित व्यापार परिपाटियों से कितने बार निवारण मांग सकता है, इस पर कानून के तहत कोई रोक नहीं है। एक पाटनरोधी जांच में, प्राथमिक अधिदेश यह आकलन करने के लिए है कि क्या पाटित आयातों और घरेलू उद्योग को होने वाली परिणामी क्षति के आलोक में उपचारात्मक उपायों की आवश्यकता है। पाटन और क्षति का मुकाबला करने के लिए जब तक आवश्यक हो, किसी अवधि के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाया जा सकता है।

39. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग अविश्वसनीय आयात आंकड़ों पर निर्भर है, यह स्पष्ट किया जाता है कि प्राधिकारी ने जांच शुरू करने और वर्तमान निर्धारण के उद्देश्य से लेनदेन-वार सीमा शुल्क आंकड़ों

पर भरोसा किया है। हितबद्ध पक्षकारों ने आवेदन-पत्र में बताई गई आयात की मात्रा और कीमत में कोई वास्तविक अंतर भी सिद्ध नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी आवेदन-पत्र सूचित आयातों की मात्रा और कीमत तथा जांच की शुरुआत के स्तर पर प्राधिकारी द्वारा निर्धारित मात्रा और कीमत में कोई वास्तविक अंतर नहीं पाते।

40. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इस अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने वर्तमान जांच शुरू करने को उचित ठहराने के लिए कोई ठोस साक्ष्य नहीं दिया है और प्राधिकारी ने तथ्यों की उचित जांच नहीं की है, यह माना जाता है कि घरेलू उद्योग ने जांच की शुरुआत का औचित्य बनाने के लिए पर्याप्त सूचना दी थी प्राधिकारी द्वारा इस बात से संतुष्ट होने के बाद जांच शुरू की गई थी कि जांच की शुरुआत का औचित्य बनाने के लिए पर्याप्त प्रथम दृष्टया साक्ष्य था। वास्तव में, जांच से यह सिद्ध हुआ है कि प्रत्येक उत्तरदाता निर्यातक और प्रत्येक संबद्ध देश के संबंध में पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक है।

च. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण</u>

च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

41. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. प्राधिकारी को मासिक आधार पर पाटन और क्षति मार्जिन निर्धारित करना चाहिए।

ii. केपीसी ने सभी पिछली जांचों में प्राधिकारी के साथ पूरी तरह से सहयोग किया है। केपीसी द्वारा प्रस्तुत लागत और बिक्री आंकड़ों को कुछ समायोजन के अधीन प्राधिकारी द्वारा स्वीकार कर लिया गया है और इसके आंकड़ों के आधार पर मार्जिन निर्धारित किया गया है। इससे पता चलता है कि केपीसी के आंकड़े विश्वसनीय है।

iii. यदि वित्तीय व्यय (उदाहरण के लिए, उधार पर ब्याज) एसजीएंडए में शामिल हैं और इस प्रकार उत्पादन की लागत में शामिल हैं, तो समरूपता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय आय, अल्पकालिक प्रचालनात्मक निधियों से

ब्याज आय को भी घटाया जाना चाहिए। ऐसी आय की कटौती करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप एक विषम उपचार होता है, कृत्रिम रूप से उत्पादन की लागत बढ़ जाती है और पाटन मार्जिन विकृत हो जाता है

iv. केपीसी ने बाज़ारी कीमतों पर असम्बद्ध तृतीय-पक्षकार आपूर्तिकर्ताओं से ब्यूटाडीन खरीदा।

v. कुम्हो कोरिया गणराज्य में एकमात्र ई-एसबीआर उत्पादक है और निर्यात पर इसकी निर्भरता पिछले सालों की तुलना में काफी कम हो गई है।

vi. विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन के लिए उपयोग किए जाने वाले सभी ब्यूटाडीन को असंबद्ध तीसरे पक्षकार आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त किया जाता है।

vii. कुल ब्यूटाडीन की एक छोटी मात्रा पुनर्संसाधित ब्यूटाडीन (आर-बीडी) से प्राप्त होती है, जिसे उल्सान सिंथेटिक रबर प्लांट में उत्पादन प्रक्रिया से उप-उत्पाद के रूप में पुनः प्राप्त किया जाता है।

viii. कुम्हो की उत्पादन लागत में ब्यूटाडीन का मूल्यांकन वास्तविक खरीद मूल्यों और उचित पुनर्संसाधन लागत को दर्शाता है।

ix. कुम्हो द्वारा हंजू को भुगतान की जाने वाली उपयोगिता दरें असंबद् पक्षकारों द्वारा भुगतान की जाने वाली दरों के समान हैं और सभी प्रयोक्ताओं पर समान रूप से लागू मानक प्रशुल्क प्रणाली को दर्शाती हैं।

x. कुम्हो ने यह दर्शाने के लिए पूर्ण विवरण, सहायक दस्तावेज और मूल्यांकन लिंकेज प्रदान किए हैं कि उप-उत्पादों से खरीदी गई भाप और कैप्टिव भाप दोनों का सही मूल्यांकन किया गया है और उत्पादन लागत में शामिल किया गया है।

xi. इस बात के संबंध में कि वित्तीय आय को उत्पादन लागत से समायोजित नहीं किया जा सकता है, कुम्हो का सादर अनुरोध है कि ऐसी आय की कटौती करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप एक असंतुलित उपचार होता है, कृत्रिम रूप से उत्पादन लागत बढ़ जाती है और पाटन मार्जिन विकृत हो जाता है। यह दृष्टिकोण अंतर्राष्ट्रीय लेखांकन मानकों (उदाहरण के लिए, आईएफआरएस) द्वारा समर्थित है, जो वित्तीय आय और व्यय की नेटिंग की अनुमति देता है, और

प्रमुख जांच अधिकारियों जैसे यूएसडीओसी की परिपाटी द्वारा समर्थित है, जिन्होंने उचित रूप से प्रमाणित होने पर अल्पकालिक ब्याज आय की कटौती को मान्यता दी है।

xii. घरेलू उद्योग के कच्चे माल की खरीद कीमत में अंतर, कुम्हो के कच्चे माल की वास्तविक खरीद कीमत से यह मतलब नहीं है कि कच्चे माल की खरीद कीमत अविश्वसनीय है।

च.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

42. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. यूरोपीय संघ का सामान्य मूल्य घरेलू बाजार में प्रचलित कीमतों पर आधारित है और यूरोपीय संघ में उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है।

ii. घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद की प्रचलित कीमतों या निर्यात/आयात कीमतों के बारे में सूचना प्राप्त करने में असमर्थ था क्योंकि उत्पाद का कोई समर्पित कोड नहीं है।

iii. आवेदक ने उपलब्ध सूचना के आधार पर निर्यात करने वाले देशों में उत्पादन की लागत के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया है।

iv. यहां तक कि एक तिमाही के भीतर भी कीमत में वृद्धि और कमी का कोई सुसंगत पैटर्न नहीं है। जांच की अवधि के लिए त्रैमासिक या वार्षिक भारित औसत विश्लेषण करना उचित नहीं होगा।

v. प्राधिकारी को अन्य प्रतिभागी उत्पादकों और घरेलू उद्योग की रिपोर्ट की गई ब्यूटाडीन खपत कीमत और खपत कारक की तुलना केपीसी द्वारा दर्ज औसत ब्यूटाडीन खपत कीमत और खपत कारक से करनी चाहिए।

vi. प्राधिकारी को केपीसी के संचालन के लिए बिजली खपत कारक का घरेलू उद्योग और अन्य प्रतिभागी उत्पादकों के साथ तुलनात्मक विश्लेषण करना चाहिए

क्योंकि यह पूरी तरह से स्वामित्व वाली कंपनी से बिजली का उत्पादन करता है।

vii. चूंकि घरेलू उद्योग और विदेशी उत्पादकों की उत्पादन प्रक्रिया तुलनीय है, इसलिए प्राधिकारी को लागतों की तुलना करनी चाहिए।

viii. यदि केपीसी ने नकारात्मक ब्याज आय को लागत समायोजन के रूप में रिपोर्ट किया है, तो प्राधिकारी को इसे नज़रअंदाज़ कर देना चाहिए क्योंकि विचाराधीन गैर-उत्पाद से संबंधित संचालन से ब्याज आय को विचाराधीन उत्पाद की उत्पादन लागत से समायोजित नहीं किया जा सकता है।

ix. प्राधिकारी को मूल्यांकन पद्धति और आंतरिक हस्तांतरण कीमतों की उपयुक्तता की जांच करनी चाहिए, जिस पर केपीसी द्वारा संबद्ध सामानों की उत्पादन प्रक्रिया में भाप आवंटित की जाती है, क्योंकि यह अन्य उत्पादों से उप-उत्पाद के रूप में समान उत्पन्न कर रहा है।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

43. धारा 9क(1)(ग) के अनुसार, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(ग) "सामान्य मूल्य", किसी समान वस्तु के संबंध में, इसका अर्थ है-
(i) व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii) जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगाः-
(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

बशर्ते यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

44. निर्यातकों की प्रश्नावली का उत्तर निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा दायर किया गया है:

i. कुम्हो पेट्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड
ii. पॉस्को इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन
iii. पॉस्को इंटरनेशनल इटालिया एस.आर.आई
iv. स्टर्लिटामक पेट्रोकेमिकल प्लांट जेएससी, रूस
v. बीएसटी इलास्टोमर्स कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड
vi. एक्सपोल डिस टिकारेट लिमिटेड शिरकेती, तुर्की
vii. बोनेक्स - एफजेडसीओ, रूस।

45. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन की गणना मासिक आधार पर की जानी चाहिए।

च.3.1 यूरोपीय संघ के लिए सामान्य मूल्य और निवल निर्यात कीमत

46. यूरोपीय संघ के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है। तदनुसार, नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत निर्धारित की गई है। उचित लाभ मार्जिन के साथ बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक खर्चों के लिए समायोजित संबद्ध सामानों के उत्पादन की लागत के सर्वोत्तम अनुमानों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया जाता है।

47. निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है। इसके लिए डीजी सिस्टम आंकड़ों में प्रदान की गई सूचना पर विचार किया गया है। उपलब्ध तथ्यों के आधार पर समुद्री माल भाड़ा, अंतर्देशीय परिवहन, बंदरगाह से संबंधित खर्च, बीमा,

क्रेडिट लागत और पैकिंग खर्चों के कारण मूल्य समायोजन किया गया है। इस प्रकार निर्धारित कारखानागत निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

च.3.2 जापान के लिए सामान्य मूल्य और निवल निर्यात कीमत

48. जापान के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है। तदनुसार, नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत निर्धारित की गई है। उचित लाभ मार्जिन के साथ बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक खर्चों के लिए विधिवत समायोजित संबद्ध सामानों के उत्पादन की लागत के सर्वोत्तम अनुमानों के आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया जाता है।

49. निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है। इसके लिए डीजी सिस्टम आंकड़ों में प्रदान की गई सूचना पर विचार किया गया है। उपलब्ध तथ्यों के आधार पर समुद्री माल भाड़ा, अंतर्देशीय परिवहन, बंदरगाह से संबंधित खर्च, बीमा, क्रेडिट लागत और पैकिंग खर्च के कारण कीमत समायोजन किया गया है। इस प्रकार निर्धारित कारखानागत निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

च.3.3 कोरिया गणराज्य के लिए सामान्य मूल्य और निवल निर्यात कीमत

क. **<u>कुम्हो पेट्रोकेमिकल्स कंपनी लिमिटेड (केपीसी)</u>**

50. कुम्हो पेट्रोकेमिकल्स कंपनी लिमिटेड (केपीसी) ने कोरिया में विचाराधीन उत्पाद के उत्पादक के रूप में उत्तर दायर किया है। उत्पादक ने उत्पाद का निर्यात सीधे और पोस्को इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन, पोस्को इंटरनेशनल इटालिया एसआरएल और अपोलो टायर होल्डिंग्स (सिंगापुर) पीटीई के माध्यम से किया है। पोस्को इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन और पोस्को इंटरनेशनल इटालिया एसआरएल ने पूरे उत्तर दायर किए है। हालांकि अपोलो टायर होल्डिंग्स (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कोई उत्तर दायर नहीं किया गया है।

51. जांच की अवधि के दौरान, उत्पादक ने घरेलू बाजार में असंबद्ध पक्षकारों को संबद्ध सामानों का *** एमटी बेचा है। घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में है।

52. प्राधिकारी ने उत्पादक और निर्यातक मेसर्स केपीसी के परिसर में सत्यापन किया। सत्यापन रिपोर्ट निर्यातक/उत्पादक को भेज दी गई थी और इस पर कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। वर्तमान निर्धारण निर्यातक द्वारा प्रदान की गई सूचना, प्राधिकारी द्वारा सत्यापित सूचना और प्रश्नावली प्रतिक्रिया में कमी की सीमा तक उपलब्ध तथ्यों के आधार पर है। इसके अलावा, प्राधिकारी ने निर्यातक द्वारा प्रदान की गई सूचना और साक्ष्य के आधार पर निर्यातक के उत्पादन की लागत निर्धारित की है। उत्पादन की लागत को सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार उत्पादक/निर्यातक द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड के आधार पर निर्धारित किया गया है, जिसे गैर-प्रचालनात्मक आय या लागत के साथ समायोजित किया गया है।

53. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेनदेन को निर्धारित करने के लिए व्यापार परीक्षण की सामान्य प्रक्रिया की। यदि लाभ कमाने वाले लेनदेन कुल बिक्री के 80% से अधिक हैं, तो सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बिक्री में सभी लेनदेन पर विचार किया जाता है। यदि लाभदायक लेनदेन 80% से कम है, तो सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए केवल लाभदायक घरेलू बिक्री को ध्यान में रखा जाता है। घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध पर मासिक आधार पर व्यापार परीक्षण की सामान्य प्रक्रिया की गई है। जहां मात्रा के संदर्भ में लाभदायक लेनदेन किसी माह विशेष में असाधारण रूप से कम है, वहां उस माह के लिए सामान्य मूल्य एसजीए और लाभ मार्जिन सहित उत्पादन लागत के आधार पर निर्धारित किया गया है, उत्पादक ने अंतर्देशीय माल भाड़ा, पैकिंग खर्च और क्रेडिट लागत के कारण समायोजन का दावा किया है, और उनकी अनुमति दी गई है। तदनुसार, उत्पादक के लिए कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया गया है, और इसे नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

54. जांच की अवधि के दौरान उत्पादक ने विचाराधीन उत्पाद के भारत को निर्यात के ***एमटी की सूचना दी है। उत्पादक ने दावा किया है कि उसने उत्पाद का निर्यात सीधे भारत के साथ-साथ अपने व्यापारियों, अर्थात पोस्को इंटरनेशनल, पोस्को इटली और अपोलो टायर होल्डिंग्स (सिंगापुर) पीटीई लिमिटेड के माध्यम से किया है। पोस्को इंटरनेशनल, पोस्को इटली ने जांच में भाग लिया है लेकिन अपोलो टायर होल्डिंग्स (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड ने प्राधिकारी के साथ सहयोग नहीं किया है, अत: अपोलो

टायर होल्डिंग्स (सिंगापुर) पीटीई के माध्यम से किए गए निर्यात के लिए निर्यात कीमत प्राधिकारी द्वारा उन मामलों में प्रश्नावली के उत्तरों को स्वीकार करने की परिपाटी के अनुरूप उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है। अंतर्देशीय माल भाड़ा, पैकिंग खर्च और क्रेडिट लागत के निमित्त दावा किए गए समायोजन को उचित सत्यापन के बाद अनुमति दी गई है।

ख. **<u>कोरिया गणराज्य से अन्य उत्पादक और निर्यातक</u>**

55. कोरिया गणराज्य के किसी अन्य उत्पादक/निर्यातक ने वर्तमान जांच में सहयोग नहीं किया है। इसे देखते हुए, नियमावली के नियम 6(8) के तहत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर कोरिया से अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात मूल्य कीमत निर्धारित की गई है। इस प्रकार निर्धारित पाटन मार्जिन नीचे पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

च.3.4 रूस के लिए सामान्य मूल्य और निवल निर्यात कीमत

क. **<u>स्टर्लिटामक पेट्रोकेमिकल प्लांट जेएससी, रूस</u>**

56. स्टर्लिटामक पेट्रोकेमिकल प्लांट जेएससी, रूस ने रूस में विचाराधीन उत्पाद के उत्पादक के रूप में उत्तर दायर किया है। जांच की अवधि के दौरान, उत्पादक ने घरेलू बाजार में असंबद्ध पक्षकारों को *** एमटी संबद्ध सामान बेचे हैं। घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में है।

57. उत्पादक ने जांच की अवधि के दौरान भारत को विचाराधीन उत्पाद के निर्यात के रूप में मूल्य का*** एमटी रिपोर्ट किया है। उत्पादक ने दावा किया है कि उसने एक व्यापारी अर्थात कार्टली टर्मी प्लास्टिक किमया टिक लि. एसटीआई के माध्यम से भारत को 100% संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। जिन्होंने भाग लिया है और अपनी प्रतिक्रिया प्रस्तुत की है। प्रतिक्रिया की जांच की गई और यह देखा गया कि व्यापारी ने प्रश्नावली का पूरा उत्तर दायर नहीं किया है। इसलिए, व्यापारी को कमियों को बताते हुए एक कमी पत्र जारी किया गया था और यह भी कहा गया था कि उत्तर प्रस्तुत न करने की स्थिति में प्राधिकारी उपलब्ध तथ्यों पर भरोसा करेंगे, जिसका परिणाम निर्यातक/उत्पादक के लिए कम अनुकूल हो सकता है। तथापि, उक्त व्यापारी ने उठाई गई कमियों का कोई उत्तर नहीं दिया है। इसलिए यह माना जाता है कि

उत्पादक ने अपनी सर्वोत्तम क्षमता के अनुसार सहयोग नहीं किया है। अत:, प्राधिकारी, ने उत्पादक के लिए अलग पाटन मार्जिन परिकलित नहीं किया है।

ग. **<u>रूस से अन्य उत्पादक और निर्यातक</u>**

58. यह नोट किया जाता है कि रूस के किसी अन्य उत्पादक/निर्यातक ने वर्तमान निर्णायक समीक्षा में सहयोग नहीं किया है। इसे देखते हुए, नियमावली के नियम 6 (8) के तहत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर रूस के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत निर्धारित की गई है। इस प्रकार निकाली गई निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

च.3.5 थाईलैंड के लिए सामान्य मूल्य और निवल निर्यात कीमत

क. <u>बीएसटी इलास्टोमर्स कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड</u>

59. बीएसटी इलास्टोमर्स कं. लि, थाईलैंड ने थाईलैंड में विचाराधीन उत्पाद के उत्पादक के रूप में उत्तर दायर किया है। जांच की अवधि के दौरान, उत्पादक ने घरेलू बाजार में असंबद्ध पक्षकारों को *** एमटी संबद्ध सामान बेचे हैं। घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में है।

60. प्राधिकारी ने निर्यातक के परिसर में सत्यापन किया। सत्यापन रिपोर्ट निर्यातक/ उत्पादक को भेज दी गई थी और इस पर कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। वर्तमान निर्धारण निर्यातक द्वारा प्रदान की गई सूचना, प्राधिकारी द्वारा सत्यापित सूचना और प्रश्नावली प्रतिक्रिया में कमी की सीमा तक उपलब्ध तथ्यों के आधार पर है। इसके अलावा, प्राधिकारी ने निर्यातक द्वारा प्रदान की गई सूचना और साक्ष्य के आधार पर निर्यातक की उत्पादन लागत निर्धारित की है। उत्पादन लागत को सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार उत्पादक/निर्यातक द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड के आधार पर निर्धारित किया गया है, जिसे गैर-प्रचालनात्मक आय या लागत के साथ समायोजित किया गया है। तदनुसार, जांच की अवधि के प्रत्येक महीने के लिए सूचित उत्पादन लागत को भी उचित रूप से समायोजित किया गया है और वर्तमान निर्धारण के उद्देश्य से अपनाया गया है।

61. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेनदेन को निर्धारित करने के लिए

व्यापार परीक्षण की सामान्य प्रक्रिया की। यदि लाभ कमाने वाले लेनदेन कुल बिक्री के 80% से अधिक हैं, तो सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बिक्री में सभी लेनदेन पर विचार किया जाता है और यदि लाभदायक लेनदेन 80% से कम हैं, तो सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए केवल लाभदायक घरेलू बिक्री को ध्यान में रखा जाता है। वर्तमान जांच में, चूंकि लाभ कमाने वाली बिक्री 80% से अधिक है तो सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए सभी घरेलू बिक्री पर विचार किया गया है। उत्पादक ने अंतर्देशीय माल भाड़ा, पैकिंग खर्च और क्रेडिट लागत के कारण समायोजन का दावा किया है, और इसे अनुमति दी गई है। तदनुसार, उत्पादक के लिए कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया गया है, और इसे नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

62. उत्पादक ने जांच की अवधि के दौरान भारत को विचाराधीन उत्पाद के *** एमटी का निर्यात सूचित किया है। उत्पादक ने दावा किया है कि उसने उत्पाद का निर्यात सीधे भारत के साथ-साथ अपने व्यापारियों के माध्यम से भी किया है। उत्पादक के व्यापारियों ने भाग लिया है। अंतर्देशीय माल भाड़ा, पैकिंग खर्च और क्रेडिट लागत के कारण दावा किए गए समायोजन को अनुमति दी गई है।

घ. **<u>थाईलैंड से अन्य उत्पादक और निर्यातक</u>**

63. वर्तमान जांच में थाईलैंड के किसी अन्य उत्पादक/निर्यातक ने सहयोग नहीं किया है। इसे देखते हुए, नियमावली के नियम 6(8) के तहत उपलब्ध तथ्यों के आधार पर थाईलैंड के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत निर्धारित की गई है। इस प्रकार प्राप्त निवल निर्यात कीमत पाटन मार्जिन तालिका में उल्लिखित है।

च.3.6 <u>पाटन मार्जिन</u>

64. वर्तमान जांच में निर्धारित सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	सामान्य मूल्य (डॉ./ एमटी)	निर्यात कीमत (डॉ/एम टी)	पाटन मार्जिन		
					डॉ/एम टी	%	रेंज
क	**यूरोपीय संघ**						
1	कोई	डॉ./ एमटी	***	***	***	***	10-20
ख	**जापान**						
1	कोई	डॉ./ एमटी	***	***	***	***	10-20
ग	**कोरिया**						
1	कुम्हो पेट्रोकेमिकल्स कंपनी लिमिटेड (केपीसी)	डॉ./ एमटी	***	***	***	***	0-10
2	कोई अन्य	डॉ./ एमटी	***	***	***	***	0-10
घ	**रूस**						
1	कोई	डॉ./ एमटी	***	***	***	***	20-30
ड.	**थाईलैंड**						
1	बीएसटी इलास्टोमर्स कं. लिमिटेड, थाईलैंड	डॉ./ एमटी	***	***	***	***	0-10
2	कोई अन्य	डॉ./ एमटी	***	***	***	***	10-20

65. यह देखा जाता है कि संबद्ध देशों के लिए पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक है और काफी है।

छ. क्षति की जांच और कारणात्मक संपर्क

छ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

66. क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. कोरिया से आयात उचित कीमत पर हैं। यूरोपीय संघ और रूस से आयात घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे हैं।

ii. घरेलू उद्योग का प्रभावी निर्यात कीमत घरेलू प्रयोक्ताओं से ली जाने वाली कीमतसे लगभग *** डॉ./एमटी कम है।

iii. घरेलू कीमत में उतार-चढ़ाव इनपुट लागत के उतार-चढ़ाव के अनुरूप हैं। घरेलू उद्योग के सामने आने वाली वाली कठिनाइयाँ कच्चे माल की लागत में उतार-चढ़ाव के कारण हैं, न कि आयात प्रतिस्पर्धा के कारण।

iv. जांच की अवधि के कई महीनों में महीनेवार कीमत कटौती नकारात्मक है, जो सामान्य बाजार उतार-चढ़ाव को दर्शाता है।

v. श्रम लागत में असमान वृद्धि से पता चलता है कि बढ़ती मजदूरी व्यय घरेलू उद्योग के सामने आने वाली लागत दबावों का कारण हो सकता है।

vi. बीएसटी इलास्टोमर्स कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड की कारखानागत लागत में जांच की अवधि में लगभग 25% का अंतर दर्शाया है।

vii. नियोजित पूंजी पर आय प्राप्त करने के उद्देश्य से, प्राधिकारी को पाटित आयातों के प्रभाव से मुक्त अवधियों के दौरान ऐतिहासिक लाभ मार्जिन पर विचार करना चाहिए।

viii. घरेलू उद्योग ने स्वीकार किया है कि उन्हें मात्रात्मक क्षति और आयातों की कोई हानि नहीं हुई है, और इसके बजाय केवल आपूर्ति अंतराल को पूरा किया है।

ix. कुल भारतीय मांग में वृद्धि के अनुरूप घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में व्यापक विस्तार हुआ है।

x. घरेलू और आयात कीमतें दोनों उल्लिखित लागत संचालनों के अनुरूप हैं, अर्थात् कच्चे तेल से जुड़ी फीडस्टॉक की बिक्री की कीमतों में अस्थिरता जांच की अवधि के दौरान ऊपर की ओर चली गई है, जो कच्चे माल की लागत संचलनों के अनुरूप है, और न तो कोई निरंतर ह्रास या न्यूनीकरण दर्शाती हैं।

xi. उत्पादन और उपयोग में सुधार से पता चलता है कि घरेलू उद्योग बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी मौजूदा क्षमता को कुशलतापूर्वक लगाने में सक्षम रहा है।

xii. घरेलू उद्योग की उत्पादकता में काफी सुधार हुआ है।

xiii. रोजगार का स्तर मामूली रूप से बढ़ा है, लेकिन मजदूरी तेजी से बढ़ी है, जो यह दर्शाता है कि लाभप्रदता पर बोझ आयात प्रतिस्पर्धा के बजाय आंतरिक लागत वृद्धि से उत्पन्न होता है।

xiv. कारणात्मक संपर्क का अभाव है और मार्जिन पर कोई भी अस्थायी दबाव अंतर्निहित अपरिष्कृत से जुड़ी अस्थिरता का परिणाम है

xv. दावा की गई कोई भी क्षति स्व-प्रभावित है और कमजोर निर्यात रणनीति और संरचनात्मक सीमाओं के कारण होती है।

xvi. आवेदक एक पूर्ण रूप से पिछड़ा-एकीकृत उत्पादक है जिसके पास अपनी पेट्रोकेमिकल श्रृंखला में स्टाइरीन, ब्यूटाडीन और अन्य फीडस्टॉक तक वरीयता प्राप्त पहुंच है।

xvii. आरआईएल ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर कच्चे माल को सुरक्षित किया। परिणामस्वरूप, आईएसआरपीएल के समान, कच्चे माल से जुड़ी कीमतों में अस्थिरता को इसकी लागत संरचना को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित नहीं करना चाहिए। यदि आरआईएल इनपुट अस्थिरता के कारण क्षति का दावा करता है, तो यह केवल आंतरिक अक्षमताओं और खरीद विकल्पों का परिणाम हो सकता है, न कि विचाराधीन उत्पाद के संबद्ध आयात के कारण।

xviii. प्राधिकारी को घरेलू उद्योग द्वारा अपनाए गए ब्यूटाडीन की अंतरण कीमत पर पहुंचने के आधार की जांच करनी चाहिए, और यदि इसे अतीत में लगातार लागू किया गया है या जांच की अवधि के दौरान इसमें बदलाव किया गया है।

xix. आईएसआरपीएल का वित्तीय जोखिम प्रोफाइल मजबूत बना हुआ है, जिसकी विशेषता स्वस्थ लाभप्रदता, आरामदायक पूंजी संरचना और मजबूत तरलता है।

xx. यह उल्लेख करते हुए कि आईएसआरपीएल के पास एक सूत्र आधारित खरीद है जिसके परिणामस्वरूप इसका निष्पादन काफी बेहतर है, घरेलू उद्योग ने स्वीकार किया है कि आईएसआरपीएल, आरआईएल से बेहतर निष्पादन कर रहा है कर रहा है।

xxi. आवेदक ने स्वीकार किया कि उसे कोई मात्रात्मक क्षति नहीं हुई है।

xii. आवेदक के आंकड़ों से पता चलता है कि जांच की अवधि के कई महीनों में कीमत कटौती नकारात्मक है।

xxiii. आवेदक की अपनी बिक्री कीमतों को बढ़ाने की क्षमता प्रत्यक्ष प्रमाण है कि आयात ने कीमतों का ह्रास नहीं किया है।

xxiv. कमजोर वित्तीय स्थिति आंतरिक अक्षमताओं और खरीद पसंद के कारण है।

xxv. आईएसआरपीएल पूरी अवधि में अत्यधिक लाभदायक बना हुआ है।

xxvi. घरेलू उद्योग ने अपने पीओएचडब्ल्यूएस के पैरा 88 में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड बनाम में निर्दिष्ट प्राधिकारी [(2006) 202 ई.एल.टी 23 (ए.ससी)]मे माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर भरोसा किया है। यह सादर अनुरोध त किया जाता है कि उद्धृत अंश निर्णय के 'रेशियो डेसिडेंटी' के बजाय 'ओबिटर डिक्टा' दिखता है।

xxvii. यूरोपीय बाजार के हानि के कारण भारत को रूसी निर्यात का विचलन सट्टा है और किसी ठोस आंकड़ों या विश्लेषण द्वारा समर्थित नहीं है।

xxviii. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट मुख्य रूप से बिक्री की बढ़ी हुई लागत के कारण था, न कि संबद्ध आयात के कारण।

xxix. क्षमता या निर्यात की मौजूदगी पाटन या क्षति को सिद्ध नहीं करती है

छ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

67. घरेलू उद्योग ने क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. पाटन और सब्सिडीकरण के इस इतिहास को मानना महत्वपूर्ण है जो दो दशकों से निर्यातकों के लगातार व्यवहार को दर्शाता है।

ii. उत्पादन प्रक्रिया एक सतत प्रक्रिया है, और घरेलू उद्योग स्टाइरीन का आयात करता है, जिसके लिए ऑर्डर बहुत पहले ही दे दिए जाते हैं। यदि उत्पादन रोक दिया जाता है, तो घरेलू उद्योग को भंडारण की महत्वपूर्ण लागत वहन करनी होगी।

iii. जांच की अवधि में आयात की मात्रा सबसे अधिक थी।

iv. भारत में कुल आयात, उत्पादन और खपत के संबंध में आयात में वृद्धि की प्रवृत्ति दिखाई गई है।

v. भारत में 2 उत्पादक हैं और संबद्ध देशों में लगभग 14 सक्रिय उत्पादक हैं। भारत में कुल 16 उत्पादक भारतीय बाजार में 8 प्रमुख टायर कंपनियों को *** एमटी बेचत रहे हैं, जो भारत में सकल खपत का ***% है।

vi. टायर कंपनियां जोरदार बातचीत और मूल्य पर बातचीत करती हैं, और इसलिए, कीमत कटौती कम है। कीमत में उतार-चढ़ाव भारतीय बाजार में प्रचालन करने वाले सभी आपूर्तिकर्ताओं के बीच कीमत प्रतिस्पर्धा की मौजूदगी को दर्शाता है।

vii. संबद्ध आयात से कीमत न्यूनीकरण हुआ है।

viii. घरेलू उद्योग की क्षमता वर्षों से स्थिर रही है। घरेलू उद्योग के संयंत्र का उपयोग 1500 और 1700 श्रृंखला की ई-एसबीआर दोनों के उत्पादन के लिए किया जाता है।

ix. घरेलू उद्योग के पास अप्रयुक्त क्षमता थी।

x. घरेलू बिक्री में वृद्धि लाभ में गिरावट की लागत पर आई है।

xi. घरेलू उद्योग ने अनावश्यक निर्यात किये हैं।

xii. बाजार का लगभग एक तिहाई हिस्सा संबद्ध आयात द्वारा कब्जा कर लिया गया है।

xiii. उत्पादन और बिक्री के दिनों की संख्या के रूप में औसत मालसूची क्षति की अवधि में बढ़ गई है और जांच की अवधि में सबसे अधिक थी।

xiv. घरेलू उद्योग के लाभ में क्षति की अवधि में वास्तविक रूप से गिरावट आई है। प्रति इकाई लाभ की तुलना लागत में वृद्धि से भी की जानी चाहिए।

xv. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग को बिक्री लागत पर [***] प्रतिशत के लाभ की कमी आई है।

xvi. आयात की पहुंच कीमत कच्चे माल की लागत के अनुरूप नहीं बढ़ी है।

xvii. क्षति की अवधि में लाभप्रदता में गिरावट आई है और जांच की अवधि में यह सबसे कम स्तर पर है।

xviii. क्षति की अवधि में नकद लाभ भी कम हुआ है और जांच की अवधि में यह सबसे कम था।

xix. ब्याज पूर्व लाभ और निवेश पर आय में क्षति की अवधि में गिरावट आई है।

xx. कोरिया से आयातों की पहुंच कीमत यूरोपीय संघ की पहुंच कीमत से कम है। यह तर्क नहीं दिया जा सकता कि यूरोपीय संघ से आयात के कारण क्षति हुई है, लेकिन कोरिया गणराज्य से आयात नहीं हुआ है, जब घरेलू उद्योग की कीमतें पाटन के प्रतिकूल प्रभाव से संबंधित हैं।

xxi. कच्चे माल की कीमत में उतार-चढ़ाव केवल घरेलू उद्योग के लिए ही विशिष्ट नहीं था।

xxii. प्राधिकारी और अधिकरण ने यह विचार किया है कि क्षतिरहित कीमत के निर्धारण के लिए 22% की आय की अनुमति दी जाएगी।

xxiii. यूरोपीय एसबीआर बाजार कमजोर घरेलू मांग से जूझ रहा है। यूरोपीय उत्पादकों को पहले से ही अत्यधिक बेकार क्षमताओं का सामना करना पड़ा था और उन्होंने अत्यधिक घरेलू बिक्री खो दी है।

xxiv. कोरिया और थाईलैंड में उत्पादकों के पास काफी उच्च क्षमता है, जिसका उपयोग निर्यात बाजारों को पूरा करने के लिए किया जाता है।

xxv. जारी संघर्ष के कारण, रूसी उत्पादकों ने महत्वपूर्ण बिक्री खो दी है और भारत सहित अन्य बाजारों में अपना निर्यात मोड़ दिया है।

xxvi. यदि घरेलू उद्योग को क्षति आंतरिक अक्षमताओं और खरीद विकल्पों के कारण हुई थी, तो उसे पिछले वर्षों में भी क्षति हुई होती।

xxvii. इस अनुरोध पर कि आईएसआरपीएल के आंकड़ों की भी जांच की जानी है, वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड है और क्षति का मूल्यांकन केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड तक ही सीमित रखने की आवश्यकता है।

xxviii. यह आरोप लगाने का कोई आधार नहीं है कि आईएसआरपीएल को क्षति नहीं हुई है। आईएसआरपीएल की बिक्री में वृद्धि उत्पादन प्रक्रिया की प्रकृति के कारण है। आईएसआरपीएल ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि कम कीमत वाले आयात ने उसके निष्पादन को भी प्रभावित किया है।

xxix. आईएसआरपीएल को फॉर्मूला-आधारित अंतरण कीमत निर्धारण पर आईओसीएल के साथ एक दीर्घकालिक करार के माध्यम से ब्यूटाडीन की सुरक्षित आपूर्ति द्वारा समर्थित है।

छ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

68. अनुबंध-II के साथ पठित नियमावली के नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति के निर्धारण में *"... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इस प्रकार के आयातों का परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों पर विचार करते हुए ..."* घरेलू उद्योग को क्षति दर्शाने वाले कारकों की जांच शामिल होगी। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, इस बात की जांच करना आवश्यक माना

गया है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा यह कि क्या इस प्रकार के आयातों के प्रभाव से अन्यथा कीमतों का बहुत अधिक मात्रा में ह्रास हुआ है अथवा कीमत में वृद्धि रूक जाती जो अन्यथा बहुत अधिक मात्रा में हुई होती। भारत में घरेलू उद्योगों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए, इन सूचकांकों जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो जैसे उत्पादन, क्षमता का उपयोग, बिक्री की मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि पर विचार नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार किया गया है।

69. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रतितर्कों की जांच की है। प्राधिकारी द्वारा किए गए विश्लेषण में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को नीचे हल किया गया है।

70. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इस अनुरोध के संबंध में कि आईएसआरपीएल के आंकड़ों की भी जांच की जानी चाहिए, यह नोट किया जाता है कि, नियमावली के नियम 11(2) के अनुसार, प्राधिकारी को घरेलू उद्योग को क्षति, घरेलू उद्योग को क्षति का खतरा या घरेलू उद्योग की स्थापना में वास्तविक मंदी निर्धारित करने की आवश्यकता है। इसलिए, क्षति के मूल्यांकन को परिभाषित घरेलू उद्योग तक ही सीमित रखने की आवश्यकता है। वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग मेसर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड है, जो नियम 2(ख) की आवश्यकता को पूरा करता है।

71. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध के संबंध में कि घरेलू उद्योग कम कीमतों पर उत्पाद का निर्यात कर रहा है, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने अपनी घरेलू बिक्री की तुलना में संबद्ध सामानों की बहुत कम मात्रा का निर्यात किया है। घरेलू उद्योग ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि ये निर्यात अनुचित बिक्री थी और घरेलू बाजार में बेचने में अपनी अक्षमता के कारण और मालसूची जमा होने से रोकने के लिए की गई थी। यह स्पष्ट किया जाता है कि क्षति की जांच के लिए केवल घरेलू बाजार के लिए अलग किए गए आंकड़ों पर विचार किया गया है। यह तथ्य कि घरेलू उद्योग ने कम कीमत पर निर्यात किया है, यह निर्णय करने के लिए असंगत है कि क्या आयात पाटित कीमतों पर हैं या नहीं और क्या घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है। घरेलू उद्योग के कीमत मापदंडों को किसी भी मामले में निर्यात बिक्री को अलग करने के बाद अपनाया गया है।

72. हितबद्ध पक्षकारों ने क्षतिरहित कीमत की गणना के लिए नियोजित पूंजी पर निश्चित 22% आय पद्धति पर पुनर्विचार का अनुरोध किया है, और पाटन के आरोपों से मुक्त अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित पूंजी पर वास्तविक आय को उचित आय के बेंचमार्क के रूप में अपनाने का सुझाव दिया है। हितबद्ध पक्षकारों ने *ब्रिज स्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग एवं अन्य बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी* और *मेसर्स ह्योसुंग कॉर्पोरेशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी* में माननीय सेस्टैट अधिकरण के निर्णय पर भरोसा किया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियमावली के अनुबंध-III में नियोजित पूंजी पर उचित आय (पूर्व-कर) का उल्लेख किया गया है, और प्राधिकारी की यह सतत परिपाटी है कि वे नियोजित पूंजी पर उचित आय के आधार पर घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत निर्धारित करे, जो 22% है। वर्तमान मामले में, अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई साक्ष्य नहीं दिया गया है कि वर्तमान मामले के लिए 22% से कम आय उचित होगी। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि ट्रिब्यूनल के निर्णयों के बाद के मामलों में, हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उद्धृत, ट्रिब्यूनल ने *मेरिनो पैनल उत्पादों बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी* और मेसर्स पर्स्टॉर्प केमिकल्स जीएमबीएच और अन्य बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी में नियोजित पूंजी पर 22% आय लागू करने की प्राधिकारी की परिपाटभ् को बरकरार रखा है। प्राधिकारी का यह भी मानना है कि विभिन्न निर्धारणों में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए 22% पर उचित आय का विचार उचित है। इसलिए, प्राधिकारी घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत की गणना के लिए नियोजित पूंजी पद्धति पर 22% आय पर विचार करना उचित समझते हैं।

73. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए इस अनुोध के संबंध में कि कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण विचाराधीन उत्पाद की लागत अस्थिर है, जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई है, यह नोट किया जाता है कि कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव एक वैश्विक कारक हैं, जो अकेले भारतीय बाजार के लिए विशिष्ट नहीं है और इसलिए इसने संबद्ध देशों के उत्पादकों को भी प्रभावित किया होता। उद्योग से कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुसार उत्पाद की कीमतें समायोजित करने की उम्मीद है। तथापि, घरेलू उद्योग को संबद्ध देशों से पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण अपनी कीमतों को समायोजित करने से रोका गया था, जो घरेलू कीमतों का ह्रास कर रही थी और बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों की कटौती कर रही थी।

यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग के उत्पादन लागत में गिरावट आई है, और फिर भी, घरेलू उद्योग की हानियां बढ़ गई हैं।

74. घरेलू उद्योग के कच्चे माल की कीमत पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की कच्चे माल की कीमत निर्धारण नीति क्षति की अवधि में सुसंगत पाई गई है। यह भी नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की कच्चे माल की कीमतें यहां तक कि भाग लेने वाले उत्पादक की कच्चे माल की कीमतों से कम हैं।

क्षति का संचयी मूल्यांकन

75. डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 3.3 और नियमावली के अनुबंध-II के पैरा (iii) में यह प्रावधान है कि यदि जहां एक से अधिक देश से उत्पाद के आयात पाटनरोधी जांचों के अध्यधीन साथ-साथ रखे जा रहे हों, वहां प्राधिकारी ऐसे आयातों के प्रभाव का मूल्यांकन संचयी रूप से करेंगे, यदि वे यह निर्धारित करते है किः

क. प्रत्येक देश से आयात के संबंध में सिद्ध पाटन का मार्जिन निर्यात कीमत के प्रतिशत के रूप में व्यक्त दो प्रतिशत से अधिक है और प्रत्येक देश से आयात की मात्रा समान वस्तु के आयात की तीन प्रतिशत (या अधिक) है या जहां अलग अलग देशों का निर्यात तीन प्रतिशत से कम है, वहां आयात सामूहिक रूप से समान वस्तु के आयात के सात प्रतिशत से अधिक हैं; और

ख. आयातों के प्रभाव का संचयी मूल्यांकन आयातित उत्पादों के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों और आयातित उत्पादों तथा समान घरेलू वस्तुओं के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों के आलोक में उपयुक्त है।

76. वर्तमान मामले में, प्रत्येक संबद्ध देश से आयात की मात्रा और पाटन मार्जिन न्यूनतम से अधिक है। इसके अतिरिक्त, संबद्ध देशों से आयात और घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद में परस्पर तुलनीय गुण-धर्म हैं और उनका उपयोग समान अनुप्रयोगों के लिए और ग्राहकों के समान क्षेत्र द्वारा किया जा रहा है। इस प्रकार, संबद्ध आयात भारतीय बाजार में परस्पर तुलनीय तथा साथ ही घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित संबद्ध सामानों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अत: यह माना जाता है कि वर्तमान जांच में क्षति का संचयी मूल्यांकन करना उचित होगा।

क. <u>मांग/स्पष्ट खपत का मूल्यांकन</u>

77. प्राधिकारी ने भारत में उत्पाद की मांग/स्पष्ट खपत को घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री, समर्थन पत्र के अनुसार अन्य उत्पादक की बिक्री और सभी स्रोतों से आयात के योग के रूप में निर्धारित किया है।

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
1	घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	95	114	116
2	समर्थकों की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	91	102	102
3	संबद्ध देशों से आयात	एमटी	64,689	63,083	67,987	74,579
4	अन्य देशों से आयात	एमटी	2,657	3,813	4,322	5,123
5	खपत	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	101	111	115

78. यह नोट किया जाता है कि क्षति की अवधि में संबद्ध उत्पाद की मांग धीरे-धीरे बढ़ी है और जांच की अवधि में सबसे अधिक थी।

छ.3.1 पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

क. <u>संबद्ध देशों से आयात की मात्रा</u>

79. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या पाटित आयातों में काफी वृद्धि हुई है, या पूर्ण दृष्टि से या भारत में उत्पादन या खपत के सापेक्ष काफी वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के उद्देश्य से, लेनदेन-वार सीमा शुल्क आयात आंकड़ों पर भरोसा किया गया है। सूचना इस प्रकार है:

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
1	संबद्ध आयात	एमटी	64,689	63,083	67,987	74,579
क	जापान	एमटी	3,558	1,198	3,882	3,595
ख	ईयू	एमटी	22,963	27,401	20,769	29,923
ग	रूस	एमटी	10,285	4,646	12,551	8,813
घ	कोरिया गणराज्य	एमटी	27,850	29,838	27,879	27,445
ड.	थाईलैंड	एमटी	34	0	2,907	4,803
च.	अन्य	एमटी	2,657	3,813	4,322	5,123
	खपत	एमटी	***	***	***	***
2	निम्नलिखित के संबंध में आयात					
क	उत्पादन	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	123	105	113
ख	खपत	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	103	100	107
ग	कुल आयात	%	96%	94%	94%	94%

80. यह देखा जाता है कि:

क. संबद्ध देशों से आयात की मात्रा 2022-23 में बढ़ी, 2023-24 में घटी और उसके बाद फिर बढ़ गई। जांच की अवधि में आयात सबसे अधिक था।

ख. उत्पादन और खपत के मुकाबले आयात 2022-23 में बढ़ा, 2023-24 में थोड़ा कम हुआ और जांच की अवधि में फिर बढ़ गया।

ग. पूरी क्षति अवधि के दौरान, कुल आयात में आयात का हिस्सा 90% से ज़्यादा रहा है।

घ. क्षति अवधि के दौरान, भारत में कुल आयात, उत्पादन और खपत के मुकाबले आयात में बढ़ने की प्रवृत्ति देखी गई है।

छ.3.2 पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

81. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, यह विश्लेषण करना ज़रूरी है कि क्या भारत में वैसे ही उत्पादों की कीमतों की तुलना में, कथित तौर पर पाटित आयातों से कीमतों में कोई खास कटौती हुई है; या क्या ऐसे आयात का असर कीमतों को कम करना या कीमतों में उस बढ़ोतरी को रोकना है, जो सामान्य: इस हालात में हुई होती। संबद्ध देश से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर पड़ने वाला असर–खास तौर पर कीमत कटौती और कीमतों में कमी/गिरावट (यदि कोई हो) के संदर्भ में। इस विश्लेषण के प्रयोजन से, घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत और बिक्री कीमत की तुलना, संबंधित देश से आयात किए गए संबद्ध सामानों के आयातों की 'पहुंच कीमत' से की गई है।

क. कीमत कटौती

82. कीमत कटौती विश्लेषण के प्रयोजन के लिए, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध देशों से आयात की पहुंच कीमत से की गई है। इस संबंध में, उत्पाद की पहुंच कीमत और सभी शुल्कों और करों को घटाकर, व्यापार के समान स्तर पर घरेलू उद्योग के औसत बिक्री कीमत के बीच तुलना की गई है।

विवरण	**निवल बिक्री कीमत रु./एमटी**	**पहुंच कीमत रु./एमटी**	**कीमत कटौती रु./एमटी**	**कीमत कटौती %**	**रेंज**
जापान	***	***	***	***	10-20%
यूरोपीय संघ	***	***	***	***	0-10%
रूस	***	***	***	***	10-11%
कोरिया गणराज्य	***	***	***	***	0-10%
थाइलैंड	***	***	***	***	0-10%
भारित औसत	***	***	***	***	10-20%

83. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध आयातित सामानों की कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है। सभी संबद्ध देशों से कीमत कटौती सकारात्मक और अधिक है।

ख. कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

84. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या पाटित आयात घरेलू कीमतों का ह्रास या न्यूनीकरण कर रहे हैं और क्या ऐसे आयातों का प्रभाव ऐसी कीमतों को अत्यधिक कम करना है या मूल्य वृद्धि को रोकना है, जो अन्यथा सामान्य क्रम में हुई होती, क्षति की अवधि में लागत और कीमतों में परिवर्तन की जांच निम्नानुसार की जाती है:

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
1	बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
2	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	106	99	115
3	बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
4	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	95	91	102
5	पहुंच कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
6	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	89	87

85. यह नोट किया जाता है कि:

क. 2022-23 में, भले ही घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत बढ़ गई, लेकिन बिकी कीमत में गिरावट आई। 2023-24 में, बिक्री कीमत और बिक्री की लागत दोनों में गिरावट आई। घरेलू उद्योग 2023-24 तक बेहतर लाभ कमा रहा था।

ख. आयात की पहुंच कीमत 2022-23 तक घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से अधिक थी। तथापि, इसके बाद घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से नीचे पहुंच गई और जांच की अवधि में अंतर बढ़ गया।

ग. जांच की अवधि में, घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत, दोनों में वृद्धि हुई है। हालांकि, बिक्री की लागत में वृद्धि के अनुरूप बिक्री कीमत में वृद्धि नहीं हुई है।

घ. क्षति की अवधि के दौरान, जबकि बिक्री की लागत में वृद्धि हुई है, आयात की पहुंच कीमत में गिरावट आई है।

ड. जब पिछले वर्ष की तुलना में देखा जाता है, तो जांच की अवधि में बिक्री की लागत 16% या रु. [***] प्रति एमटी बढ़ गई, लेकिन बिक्री कीमत में केवल 13% या रु. [***] प्रति एमटी की वृद्धि हुई।

च. आधार वर्ष की तुलना में देखे जाने पर, जांच की अवधि में बिक्री की लागत में 15% या रु. [***] प्रति एमटी की वृद्धि हुई, लेकिन बिक्री कीमत में केवल 2% या रु. [***] प्रति एमटी की वृद्धि हुई। इसके अलावा, आयात की पहुंच कीमत में केवल *** तक की वृद्धि हुई।

छ. आयात की पहुंच कीमत आधार वर्ष में बिक्री की लागत की तुलना में रु. [***] प्रति एमटी से अधिक थी। जांच की अवधि में यह अंतर घटकर मात्र रु [***] प्रति एमटी रह गया।

ज. यह देखा जाता है कि जांच की अवधि में आयात ने बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास किया है।

छ.3.3 घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड

86. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक कारकों और तत्वों जिनका घरेलू उद्योग की हालत पर प्रभाव पड़ता हो, जिसमें बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट; वे कारक जो घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा पर प्रभाव डालते हों; नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, विकास, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभाव का वस्तुपरक और निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होना चाहिए। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मानदंडों पर यहां नीचे चर्चा की गई है। प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अपने अनुरोधों में दिए गए विभिन्न तथ्यों और तर्कों को ध्यान में रखते हुए क्षति मानदंडों की वस्तुपरक रूप से जांच की है।

क. क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और घरेलू बिक्री

87. क्षति की अवधि के दौरान क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नानुसार था:

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
1	संस्थापित क्षमता	एमटी	***	***	***	***
2	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	100
3	क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
4	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	93	111	110
5	उत्पादन-संयंत्र	एमटी	***	***	***	***
6	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	93	111	110
7	उत्पादन - पीयूसी	एमटी	***	***	***	***
8	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	88	108	115
9	घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
10	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	95	114	116
11	निर्यात बिक्री	एमटी	***	***	***	***
12	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	69	53	92

88. यह देखा जाता है कि:

क. घरेलू उद्योग की क्षमता वर्षों से स्थिर रही है। घरेलू उद्योग के संयंत्र का उपयोग 1500 और 1700 श्रृंखला की ई-एसबीआर दोनों का उत्पादन करने के लिए किया जाता है। इस प्रकार, प्राधिकारी ने क्षमता उपयोग का निर्धारण करने के लिए पीयूसी के लिए संयुक्त उत्पादन क्षमता और उत्पादन पर विचार किया है। क्षति की अवधि में क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई।

ख. घरेलू उद्योग का उत्पादन 2022-23 में मामूली रूप से घट गया और उसके बाद बढ़ गया। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि 2022-23 में उत्पादन में गिरावट रखरखाव बंदी के कारण हुई थी। क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग का उत्पादन बढ़ गया है। क्षमता उपयोगिता ने उत्पादन के समान रुझानों को अपनाया है।

ग. घरेलू बिक्री में 2022-23 में मामूली गिरावट आई, लेकिन उसके बाद इसमें वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में क्षति की अवधि के दौरान वृद्धि हुई है।

घ. जांच की अवधि में घरेलू बिक्री में वृद्धि हुई है, लेकिन यह लाभ में गिरावट की कीमत पर हुई है।

ड. घरेलू उद्योग द्वारा यह अनुरोध किया गया है कि उसे क्षति की अवधि के दौरान घाटे पर निर्यात करने के लिए मजबूर किया गया था।

ख. बाजार हिस्सा

89. घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी पर पाटित आयातों के प्रभाव की निम्नानुसार जांच की गई है: -

क्र.सं.	बाजार हिस्सा	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
1	घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
2	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	94	102	101
3	अन्य उत्पादक	%	***	***	***	***
4	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	90	92	89
5	संबद्ध आयात	%	***	***	***	***
6	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	118	103	110
7	अन्य देश	%	***	***	***	***
8	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	200	200	200

90. यह देखा जाता है कि:-

क. 2022-23 में घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई, 2023-24 में मामूली वृद्धि हुई और फिर जांच की अवधि में समान स्तर पर बनी रही।

ख. घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन समर्थक की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

ग. संबद्ध आयात की बाजार हिस्सेदारी 2022-23 में बढ़ी है, 2023-24 में घट गई है और जांच की अवधि में फिर से बढ़ गई है। संबद्ध आयात की बाजार हिस्सेदारी क्षति की अवधि में बढ़ गई है।

ग. मालसूची

91. क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग के पास मालसूची स्थिति नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
1	आरंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***
2	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	380	130	161
3	अंतिम मालसूची	एमटी	***	***	***	***
4	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	34	75	158
5	औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
6	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	106	87	159

92. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की अंतिम मालसूची क्षति की अवधि में सबसे अधिक थी। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि वह पाटन के कारण घरेलू बाजार में बेचने में सक्षम नहीं रहा है और मालसूची संचयन से बचने के लिए काफी हानियों पर निर्यात करने के लिए मजबूर था। इसके बावजूद, घरेलू उद्योग के साथ अंतिम स्टॉक बढ़ गया है।

93. क्षति की अवधि में औसत सूची भी बढ़ गई है और जांच की अवधि में सबसे अधिक थी।

घ. लाभप्रदता, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय

94. लाभप्रदता, लाभ, नकद लाभ, पीबीआईटी और निवेश पर आय के संबंध में घरेलू उद्योग के निष्पादन की जांच की गई है।

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
1	लाभ/(हानि)	रु./एमटी	***	***	***	***
2	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	42	49	39
3	लाभ/(हानि)	लाख रु.	***	***	***	***
4	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	39	56	46
5	नकद लाभ	रु./एमटी	***	***	***	***
6	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	53	57	49
7	नकद लाभ	लाख रु.	***	***	***	***
8	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	50	65	57
9	ब्याज पूर्व लाभ	रु./एमटी	***	***	***	***
10	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	50	55	47
11	ब्याज पूर्व लाभ	लाख रु.	***	***	***	***
12	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	47	63	55
13	निवेश पर आय	%	***	***	***	***
14	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	50	64	54

95. यह नोट किया जाता है कि:

क. घरेलू उद्योग के लाभ में 2022-23 में गिरावट आई, 2023-24 में वृद्धि हुई और जांच की अवधि में फिर से गिरावट आई। घरेलू उद्योग उल्लेख किया है कि 2022-23 में लाभ पर भी आवेदक द्वारा किए गए बंदी का प्रभाव पड़ा है।

ख. आधार वर्ष में प्रति इकाई लाभ रु [***] प्रति एमटी से घटकर जांच की अवधि में रु [***] प्रति एमटी हो गया है, इस प्रकार 61% की गिरावट दर्शाई गई। क्षति की अवधि में लाभप्रदता में गिरावट आई है और जांच की अवधि में यह सबसे निचले स्तर पर है।

ग. पूरी क्षति अवधि में दौरान नकद लाभ में भी गिरावट आई है और जांच की अवधि में यह सबसे कम थी। आधार वर्ष में प्रति इकाई नकद लाभ [***] रुपये प्रति एमटी से घटकर जांच की अवधि में [***] रुपये प्रति एमटी हो गया है। क्षति की अवधि में नकद लाभ में 51% की गिरावट आई है।

घ. ब्याज पूर्व लाभ जांच की अवधि में आधार वर्ष में रु [***] रुपये प्रति एमटी से घटकर रु [***] प्रति एमटी हो गया है, इस प्रकार 53% की गिरावट दर्शाई गई।

ड. घरेलू उद्योग के निवेश पर आय में क्षति की अवधि में गिरावट आई। क्षति की अवधि में आरओआई में 46% की गिरावट आई।

ड. रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता

96. क्षति की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
1	कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***
2	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	98	101	108
3	वेतन एवं मजदूरी	लाख रु.	***	***	***	***
4	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	104	157	182
5	प्रति दिन उत्पादकता	एमटी/दिन	***	***	***	***
6	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	88	108	115
7	प्रति कर्मचारी उत्पादकता	एमटी/संख्या	***	***	***	***
8	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	90	107	107

97. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त मजदूरी में क्षति की अवधि में वृद्धि हुई है और कर्मचारियों की संख्या में कमी आई है। इन मापदंडों में वृद्धि के साथ उत्पादकता में सुधार हुआ है। किसी भी मामले में, घरेलू उद्योग ने इन मापदंडों में क्षति का दावा नहीं किया है।

च. वृद्धि

98. उत्पादन, घरेलू बिक्री मात्रा, पीबीटी, पीबीआईटी और नकद लाभ के संदर्भ में घरेलू उद्योग की वृद्धि नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

क्र.सं.	विवरण	इकाई	2022-23	2023-24	पीओआई
1	उत्पादन	%	-12%	22%	7%
2	घरेलू बिक्री	%	-5%	20%	2%
3	लाभ/हानि	%	-58%	19%	-20%
4	नकद लाभ	%	-47%	8%	-15%
5	ब्याज पूर्व लाभ	%	-50%	12%	-14%

99. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग ने वृद्धि और कीमत मापदंडों में प्रतिकूलता में काफी गिरावट दर्ज की है। मात्रात्मक मापदंडों के संबंध में, यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग के उत्पादन, क्षमता उपयोग, घरेलू बिक्री और बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि देखी गई है। हालांकि, हाल की अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता, नकदी लाभ और नियोजित पूंजी पर आय में भी नकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

छ. कीमत को प्रभावित करने वाले कारक

100. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग लागत में वृद्धि के बावजूद अपनी कीमतें बढ़ाने में सक्षम नहीं रहा है और जांच की अवधि के दौरान लाभकारी कीमत प्राप्त करने में सक्षम नहीं रहा है। जबकि बिक्री लागत में क्षति की अवधि में रु. [***] प्रति एमटी की वृद्धि हुई है, बिक्री कीमत में केवल रु. [***] प्रति एमटी की वृद्धि हुई है। आयात की पहुंच कीमत 21,379 रुपये प्रति एमटी कम हो गई। यह देखा जाता है कि आयातों ने घरेलू उद्योग की लाभप्रदता से समझौता करने के लिए मजबूर किया है। घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में क्षति की अवधि में तेजी से गिरावट आई है। इसलिए यह माना जाता है कि पाटित आयातों ने घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

ज. पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर प्रभाव

101. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि देश में मांग और आपूर्ति के अंतर के कारण उत्पाद में निवेश की गुंजाइश है। हालाँकि, वर्तमान स्तर पर, घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित लाभ नए निवेश को उचित नहीं ठहराते हैं। घरेलू उद्योग ने इस बात पर जोर दिया है कि एकल अंक में निवेश पर आय के साथ, कोई भी उत्पादक नए निवेश नहीं

करेगा। यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पाटित आयातों के कारण प्रभावित हुई है।

झ. पाटन मार्जिन की मात्रा

102. पाटन की मात्रा इस बात का संकेत है कि भारत में सामानों को किस हद तक पाटित किया जा रहा है। जांच से पता चला है कि जांच की अवधि के दौरान पाटन मार्जिन सकारात्मक और अधिक है।

छ.3.4 क्षति संबंधी निष्कर्ष

103. यह नोट किया जाता है कि -

क. संबद्ध देशों से पाटित आयातों में वृद्धि हुई है और जांच की अवधि में यह सबसे अधिक थी।

ख. आयात में निरपेक्ष रूप से और सापेक्षिक रूप से वृद्धि हुई है।

ग. आयात घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम हैं। कीमत कटौती सकारात्मक और काफी है।

घ. जांच की अवधि में आयात ने घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास किया है।

ड. क्षति की अवधि में आयात की पहुंच कीमत और घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत के बीच अंतर में तेजी से गिरावट आई है। आयात की पहुंच कीमत आधार वर्ष में बिक्री लागत की तुलना में रुपये [***] प्रति एमटी तक अधिक थी। जांच की अवधि में यह अंतर काफी घटकर रुपये [***] प्रति एमटी हो गया है।

च. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग के उत्पादन और घरेलू बिक्री में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि उसने घरेलू बाजार में बेचने के लिए अपनी लाभप्रदत्ता का त्याग किया है।

छ. आयातों का देश में बाजार हिस्सेदारी का एक तिहाई हिस्सा है।

ज. घरेलू उद्योग का अंतिम स्टॉक बढ़ गया है, और घरेलू उद्योग को मालसूची संचयन से बचने के लिए हानि पर निर्यात करने के लिए मजबूर किया गया था।

झ. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है। आधार वर्ष में प्रति यूनिट लाभ रुपये [***] प्रति एमटी से घटकर जांच की अवधि में रुपये [***] प्रति एमटी हो गया है।

ञ. आधार वर्ष में प्रति इकाई नकद लाभ रुपये [***] प्रति एमटी से घटकर जांच की अवधि में रुपये [***] प्रति एमटी हो गया है। क्षति की अवधि में नकद लाभ में 51% की गिरावट आई है।

ट. ब्याज पूर्व लाभ आधार वर्ष में रुपये [***] प्रति एमटी से घटकर जांच की अवधि में रुपये [***] प्रति एमटी हो गया है।

ठ. आयात ने घरेलू उद्योग की पूंजी जुटाने की क्षमता को प्रभावित किया है।

ड. आयात घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर रहा है।

ढ. पाटन मार्जिन सकारात्मक और अधिक है।

छ.3.5 वास्तविक क्षति का खतरा

104. प्राधिकारी ने नियमावली के अनुबंध-II के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए पाटित आयातो से घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति के खतरे की निम्नानुसार जांच की है:

> "(vii) वास्तविक क्षति के खतरे का निर्धारण तथ्यों पर आधारित होगा और केवल आरोप, अनुमान या दूरस्थ संभावना पर नहीं। परिस्थितियों में परिवर्तन जो ऐसी स्थिति पैदा करेगा जिसमें पाटन से क्षति होगी, उसे स्पष्ट रूप से अनुमानित और आसन्न होना चाहिए। वास्तविक क्षति के खतरे की मौजूदगी के संबंध में निर्धारण करने में, निर्दिष्ट प्राधिकारी, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित कारकों पर विचार करेंगे:
>
> (क) भारत में पाटित आयातों में वृद्धि की एक महत्वपूर्ण दर जो पर्याप्त रूप से बढ़े हुए आयात की संभावना को दर्शाती है;

(ख) निर्यातक की क्षमता में पर्याप्त रूप से मुक्त रूप से निपटान योग्य, या आसन्न, पर्याप्त वृद्धि जो भारतीय बाजारों में पर्याप्त रूप से पाटित किए गए निर्यात की संभावना को दर्शाती है, किसी भी अतिरिक्त निर्यात को लेने के लिए अन्य निर्यात बाजारों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए;

(ग) क्या आयात ऐसी कीमतों पर प्रवेश कर रहे हैं जिनका घरेलू कीमतों पर काफी ह्रासमान या न्यूनीकरण प्रभाव पड़ेगा, और जिससे आगे के आयात की मांग बढ़ने की संभावना है; और

(घ) जांची जा रही वस्तु की मालसूची।"

क. पाटित आयातों में वृद्धि की महत्वपूर्ण दर

105. निम्नलिखित तालिका क्षति की अवधि में पाटित आयातों में वृद्धि दर्शाती है:

क्र.सं.	**विवरण**	**इकाई**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**पीओआई**
1	संबद्ध देशों से आयात	एमटी	64,689	63,083	67,987	74,579
2	निम्नलिखित के संबंध में आयात					
क	उत्पादन	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	123	105	113
ख	खपत	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	103	100	107
ग	कुल आयात	%	96%	94%	94%	94%

106. यह देखा जाता है कि संबद्ध देशों से पाटित आयातों में काफी वृद्धि हुई है और जांच की अवधि में सबसे अधिक थी।

ख. उत्पादकों/निर्यातकों की अधिशेष क्षमताएं

107. निम्नलिखित तालिका प्रतिभागी उत्पादकों की निर्यातोन्मुखता दर्शाती है:

क्र.सं.	संबद्ध देश	क्षमता (एमटी)	निर्यात बिक्री (एमटी)	निर्यातोन्मुखता (%)	रेंज
1	कुम्हो पेट्रोकेमिकल कं, लिमिटेड, कोरिया	***	***	***	70-80%
2	स्टर्लिटामक पेट्रोकेमिकल प्लांट जेएससी, रूस	***	***	***	70-80%
3	बीएसटी इलास्टोमर्स कं. लिमिटेड, थाईलैंड	***	***	***	60-70%

108. यह देखा जाता है कि निर्यात उद्देश्यों के लिए क्षमताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा उपयोग में लाया जा रहा है, जिससे पता चलता है कि संबद्ध देशों में उत्पादक अधिशेष क्षमताओं के साथ काम कर रहे हैं।

109. घरेलू उद्योग ने अतिरिक्त रूप से अनुरोध किया है कि यूरोपीय ईएसबीआर बाजार कम मांग से पीड़ित है। यूरोपीय संघ में 1600 केटी की क्षमता के मुकाबले, घरेलू मांग केवल 700-800 केटी है। इसलिए, यूरोप में उत्पादकों को अत्यधिक बेकार क्षमताओं का सामना करना पड़ रहा है।

110. घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया है कि दक्षिण कोरिया संबद्ध सामानों के लिए वैश्विक बाजार में हावी है और दुनिया में सबसे बड़ी क्षमता रखता है।

ग. आयात का संभावित ह्रासकारी/न्यूनीकरण प्रभाव

111. निम्नलिखित तालिका बिक्री लागत और घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत तथा आयात की पहुंच कीमत दर्शाती है।

विवरण	इकाई	2021-22	2022-23	2023-24	पीओआई
बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	106	99	115
बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	95	91	102
पहुंच कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	109	89	87

112. यह देखा जाता है कि संबद्ध देशों से आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम हैं, और कीमत कटौती सकारात्मक और काफी है। जैसा कि पहले ही ऊपर पाया गया है, जांच की अवधि में, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत, बिक्री लागत के अनुरूप नहीं बढ़ी है। आयात की पहुंच कीमत, जांच की अवधि से पहले की अवधि में बिक्री की लागत से काफी अधिक थी, लेकिन हाल की अवधि में अंतर तेजी से कम हो गया है। इसलिए यह माना जाता है कि पाटित आयातों के कारण होने वाला न्यूनीकरण प्रभाव बढ़ने की संभावना है।

घ. अन्य देशों द्वारा लगाए गए उपाय

113. घरेलू उद्योग ने इस बात का साक्ष्य दिया है कि संबद्ध देशों के लिए सबसे बड़े निर्यात बाजारों में से एक, संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2 अगस्त 2023 से कोरिया और पोलैंड से ईएसबीआर के आयात पर पाटनरोधी शुल्क लगाया है।

ज. <u>कारणात्मक संपर्क और गैर-आरोपण विश्लेषण</u>

114. नियमावली के अनुसार, प्राधिकारी को, अन्य बातों के साथ-साथ, पाटित आयातों को छोड़कर किसी भी ज्ञात कारकों की जांच करने की आवश्यकता है, जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे हैं या क्षति पहुंचाने की संभावना है, ताकि इन अन्य कारकों के कारण होने वाली क्षति पाटित आयातों के कारण न हो। इस संबंध में संगत कारक शामिल हो सकते हैं, अन्य बातों के अलावा, पाटित कीमतों पर नहीं बेची गई आयात की मात्रा और कीमतें, मांग में संकुचन या खपत के पैटर्न में परिवर्तन, विदेशी और

घरेलू उत्पादकों की व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां और प्रतिस्पर्धा, प्रौद्योगिकी में विकास और निर्यात निष्पादन और घरेलू उद्योग की उत्पादकता शामिल हैं। नीचे यह जांच की गई है कि क्या नियमावली के तहत सूचीबद्ध कारकों ने घरेलू उद्योग का हुई क्षति में योगदान हो सकता है।

क. तीसरे देशों से आयात की मात्रा और कीमत

115. भारत में कुल आयात का 94% हिस्सा संबद्ध देशों से आयात का है। अन्य देशों से संबद्ध सामानों का आयात या तो (क) नगण्य मात्रा में है, या (ख) उच्च कीमतों पर है और इसलिए घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो रही है।

ख. मांग में संकुचन

116. यह देखा जाता है कि विचाराधीन उत्पाद की मांग क्षति की अवधि में बढ़ गई है। यह भी देखा जाता है कि घरेलू बिक्री में भी वृद्धि देखी गई है। अत:, मांग में संकुचन के कारण घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

ग. खपत के पैटर्न में परिवर्तन

117. विचाराधीन उत्पाद की खपत के पैटर्न में कोई ज्ञात वास्तविक परिवर्तन नहीं हुआ है, जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती थी।

घ. व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां

118. किसी भी हितधारक पक्षकार ने किसी ज्ञात व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटी से संबंधित कोई साक्ष्य पेश नहीं किया है, जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो। अत:, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटी से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है।

ड. प्रौद्योगिकी का विकास

119. यह देखा जाता है कि संबद्ध सामानों के उत्पादन की तकनीक में कोई परिवर्तन नहीं आया है। अत:, प्रौद्योगिकी के विकास से घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

च. निर्यात निष्पादन

120. प्राधिकारी ने क्षति विश्लेषण के लिए घरेलू प्रचालन के लिए अलग से क्षति के आंकड़ों पर विचार किया है। अत:, निर्यात निष्पादन घरेलू उद्योग को क्षति का कारण नहीं है। तथापि, यह देखा गया है कि निर्यात घाटे पर हैं।

छ. अन्य उत्पादों का निष्पादन

121. प्राधिकारी ने केवल संबद्ध सामानों के निष्पादन से संबंधित आंकड़ों पर विचार किया है। अत:, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेचे जाने वाले अन्य उत्पादों का निष्पादन घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने का संभावित कारण नहीं है।

122. प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य ज्ञात कारक जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा सकते हैं, उनका ऊपर दिए गए गैर-आरोपण विश्लेषण में विधिवत जांच की गई है और ऐसा प्रतीत नहीं होता है कि इससे घरेलू उद्योग को कोई क्षति हुई है। निम्नलिखित कारक सिद्ध करते हैं कि क्षति पाटन के कारण हुई है।

क. संबद्ध देश से आयात पाटित कीमतों पर हैं।

ख. आयात कीमत घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत से कम है, जिसके परिणामस्वरूप सकारात्मक कीमत कटौती हुई है।

ग. आधार वर्ष की तुलना में देखे जाने पर, जांच की अवधि में बिक्री की लागत 15% या रु. [***] प्रति एमटी तक बढ़ गई, लेकिन बिक्री कीमत में केवल 2% या रु. [***] प्रति एमटी की वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, आयात की पहुंच कीमत केवल *** तक बढ़ी है।

घ. जांच की अवधि में आयात ने घरेलू उद्योग की कीमतों का न्यूनीकरण किया है।

ड. चूंकि आयात की कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से कम है, अत: घरेलू उद्योग का लाभ आधार वर्ष में रु. [***] प्रति एमटी से घटकर जांच की अवधि में रु. [***] प्रति एमटी हो गया है, इस प्रकार इसमें 61% की गिरावट दर्शाई गई है। क्षति की अवधि में लाभप्रदता में गिरावट आई है और जांच की अवधि में यह सबसे निचले स्तर पर है।

झ. <u>क्षति मार्जिन की मात्रा</u>

123. प्राधिकारी ने यथा-संशोधित अनुबंध-III के साथ पठित नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत निर्धारित की है। जांच की अवधि के लिए उत्पादन लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर संबद्ध सामानों की क्षतिरहित कीमत निर्धारित की गई है। क्षति मार्जिन की गणना के लिए संबद्ध देशों से पहुंच कीमत की तुलना करने के लिए क्षतिरहित कीमत पर विचार किया गया है। क्षतिरहित कीमत, कच्चे माल का सर्वोत्तम उपयोग, यूटिलिटियों और क्षति की अवधि में घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन क्षमता का निर्धारण करने के लिए विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि उत्पादन की लागत पर कोई असाधारण या गैर-आवर्ती व्यय नहीं लगाया गया था। विचाराधीन उत्पाद के लिए नियोजित औसत पूंजी (यानी, औसत निवल स्थायी परिसंपत्तियां और औसत कार्यशील पूंजी) पर उचित आय (कर-पूर्व @ 22%) को नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित क्षतिरहित कीमत निकालने के लिए कर-पूर्व लाभ के रूप में अनुमति दी गई थी और अपनाया जा रहा है।

124. सहयोगी निर्यातकों के लिए पहुंच कीमत निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर निर्धारित की गई है। संबद्ध देशों के सभी असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पहुंच कीमत निर्धारित की है।

125. ऊपर निर्धारित पहुंच कीमत और क्षतिरहित कीमत के आधार पर, प्राधिकारी द्वारा उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन निर्धारित किया गया है और नीचे दी गई तालिका में उपलब्ध कराया गया है: -

क्र.सं.	**विवरण**	**यूओएम**	**एनआईपी डॉ./एमटी**	**पहुंच कीमत डॉ./एमटी**	**क्षति मार्जिन**		
					डॉ./एमटी	**%**	**रेंज**
क	**यूरोपीय संघ**						
1	कोई	डॉ./एमटी	***	***	***	***	10-20
ख	**जापान**		***	***	***	***	
1	कोई	डॉ./एमटी	***	***	***	***	20-30
ग	**कोरिया**		***	***	***	***	

1	कुम्हो पेट्रोकेमिकल्स कंपनी लिमिटेड (केपीसी)	डॉ./एमटी	***	***	***	***	0-10
2	कोई अन्य	डॉ./एमटी	***	***	***	***	10-20
घ	**रूस**		~~***~~	~~***~~	~~***~~	~~***~~	
1	कोई	डॉ./एमटी	***	***	***	***	10-20
ड.	**थाईलैंड**		~~***~~	~~***~~	~~***~~	~~***~~	
1	बीएसटी इलास्टोमर्स कं. लिमिटेड, थाईलैंड	डॉ./एमटी	***	***	***	***	10-20
2	कोई अन्य	डॉ./एमटी	***	***	***	***	10-20

ञ. <u>भारतीय उद्योग के हित और अन्य मुद्दे</u>

ञ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

126. भारतीय उद्योग के हित के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं: -

i. ईएसबीआर के लिए भारतीय बाजार, विशेष रूप से 1500 श्रृंखला, मांग-आपूर्ति असंतुलन से ग्रस्त है।

ii. घरेलू उद्योग ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए क्षमता बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं दर्शाया है।

iii. शुल्क लगाने के मामले में आपूर्तिकर्ताओं को बदलना व्यवहार्य नहीं है। आपूर्तिकर्ता में किसी भी परिवर्तन के लिए मूल उपकरण उत्पादक (ओईएम) से पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

iv. पिछले चार वर्षों में, प्रयोक्ताओं को संबद्ध सामानों की आपूर्ति न मिलने के कारण उत्पादन में रुकावट का सामना करना पड़ा है। शुल्कों का प्रचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

v. संबद्ध देशों से आयात मुख्य रूप से मांग-आपूर्ति अंतर को पाटते हैं क्योंकि आवेदक अकेले देश की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता है।

vi. संबद्ध सामानों के प्रयोक्ताओं में एमएसएमई उद्योग शामिल हैं जो मौलिक कच्चे माल की लगातार, प्रतिस्पर्धी कीमत उपलब्धता पर निर्भर करते हैं।

vii. टायर उद्योग की विभिन्न कच्ची सामग्रियां पाटनरोधी जांच के अधीन हैं, और इन उपायों का संचयी प्रभाव बहुत अधिक होगा।

viii. यदि प्रयोक्ता लागत पर एक छोटे प्रतिशत प्रभाव को निर्णायक नहीं माना जाना चाहिए, तो घरेलू उद्योग की लाभप्रदता पर एक काल्पनिक प्रभाव शुल्क लगाने को उचित नहीं ठहराना चाहिए।

ix. प्रस्तावित शुल्क ईएसबीआर की पहुंच कीमतों को 20-30% या उससे अधिक बढ़ा देगा।

x. आवेदक ने तर्क दिया है कि आरआईएल के लिए मामूली मार्जिन क्षरण सुरक्षा की गारंटी देता है, लेकिन पूरे टायर उद्योग के लिए लागत में मामूली वृद्धि को नजरअंदाज किया जाना चाहिए।

xi. लंबे समय तक पाटनरोधी शुल्क से प्रयोक्ता के हित की बात तो दूर है, घरेलू उद्योग को भी लाभ नहीं हुआ है।

127. नीचे दी गई तालिका में प्रतिभागी प्रयोक्ताओं की प्रश्नावली प्रतिक्रिया के अनुसार निचले स्तर के उद्योग की लागत में विचाराधीन उत्पाद का हिस्सा दिखाया गया है।

क्र.सं.	शीर्षक	मूल्य (रु. में)
1	अंतिम उत्पाद का नाम	टायर
2	अंतिम उत्पाद में खपत किए गए विचाराधीन उत्पादन की प्रति इकाई लागत	***
3	उपभोग की गई अन्य कच्ची सामग्री की प्रति इकाई लागत (विचाराधीन उत्पाद को छोड़कर)	***
4	परिवर्तन लागत (अन्य आय के लिए क्रेडिट सहित)	***
5	कुल लागत	***
6	पीयूसी की लागत कुल लागत % के रूप में	***
7	10% एडीडी के बाद पीयूसी की प्रति इकाई लागत	***
8	10% एडीडी के बाद % के रूप में पीयूसी की लागत(कुल लागत पर)	***

9	कुल लागत में % प्रभाव (8-6)	0.41%

(स्रोत: प्रयोक्ता उद्योग प्रश्नावली उत्तर)

ञ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

128. घरेलू उद्योग ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. पूर्व में विचाराधीन उत्पाद की जांच में प्राधिकारी ने नोट किया है कि विचाराधीन उत्पाद का टायर की कुल लागत में बहुत कम हिस्सा है।

ii. टायर उत्पादकों की समग्र कच्चे माल की लागत, कुल लागत और बिक्री कीमत में विचाराधीन उत्पाद का हिस्सा बहुत कम है। टायर उद्योग में शुल्क का प्रभाव 0.37% है।

iii. यदि टायर उद्योग के लिए कच्चे माल वाले सभी उत्पादों पर शुल्क के प्रभाव पर विचार किया जाए, तो यह देखा जाएगा कि शुल्क का प्रभाव 0.7% है।

iv. संबद्ध देशों में उत्पादकों को भारतीय बाजार या उपभोक्ताओं के दीर्घकालिक विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है। पाटनरोधी उपायों लगाना उपभोक्ताओं के हित में होगा।

v. पाटनरोधी कानून का उद्देश्य माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अच्छी तरह से माना गया, सराहा गया और बताया गया था।

vi. जब टायर के उत्पादन में प्रयोग किए जाने वाले इनपुट पर पाटनरोधी उपाय थे, तो टायर उत्पादकों पर उपायों का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं था।

vii. एआईआरआईए के सदस्यों की भागीदारी की कमी से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि पिछले शुल्कों ने प्रयोक्ताओं को प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं किया था।

viii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निचले स्तर के उत्पादों में कच्चे माल की लागत के हिस्से, मांग, शुल्क के प्रभाव या किए गए निर्यात के संबंध में कोई सूचना प्रस्तुत नहीं की है।

ix. मांग-आपूर्ति अंतर की गणना करते समय 1700 की मांग पर विचार नहीं किया जाना चाहिए।

x. जब अग्रिम लाइसेंस के तहत आयात को बाहर रखा जाता है, तो मांग-आपूर्ति अंतर काफी कम होता है।

xi. घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित लाभ नए निवेश को उचित नहीं ठहराते हैं। कम कीमत वाले आयात के लगातार प्रवाह ने भारत में क्षमता विस्तार में आगे निवेश को हतोत्साहित किया है।

xii. घरेलू उद्योग ने पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव को निम्नानुसार निर्धारित किया है।

क्र.सं.	**विवरण**		**यूओएम**
1	टायर उद्योग का अनुमानित कारोबार	क	***
2	एसबीआर उद्योग का अनुमानित कारोबार	ख	***
3	टायर उद्योग में एसबीआर का हिस्सा	ग = ख/क	***
4	कीमत में वृद्धि (मानी गई)	घ	***
5	टायर पर शुल्क का हिस्सा	ड. = घ x ग	0.37%

ञ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

129. यह विचार किया जाता है कि क्या पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश सार्वजनिक हित के खिलाफ होगी। यह निर्धारण घरेलू उद्योग, विदेशी उत्पादकों और उपभोक्ताओं सहित विभिन्न पक्षकारों के रिकॉर्ड और हितों की सूचना पर विचार करने के आधार पर किया जाता है।

130. प्राधिकारी ने आयातकों, प्रयोक्ताओं और उपभोक्ताओं सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित करते हुए जांच की शुरुआत की अधिसूचना जारी की। घरेलू उद्योग, उत्पादकों/निर्यातकों और आयातकों/प्रयोक्ताओं/उपभोक्ताओं सहित विभिन्न हितधारकों को वर्तमान जांच के संबंध में संगत सूचना प्रदान करने की अनुमति देने के लिए एक आर्थिक हित प्रश्नावली भी निर्धारित की गई थी, जिसमें उनके संचालन पर पाटनरोधी शुल्क का संभावित प्रभाव भी शामिल है।

131. प्रयोक्ता उद्योग के उत्तर से यह देखा गया है कि विचाराधीन उत्पाद टायर उद्योग के प्रचालन की लागत का ज्यादा हिस्सा नहीं बनाता है। घरेलू उद्योग और प्रयोक्ता

उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों से पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव बहुत कम पाया गया है। स्टाइरीन ब्यूटाडीन रबर (एसबीआर) पर 10% पाटनरोधी शुल्क (एडीडी) लगाने का, जो टायर निर्माण में एक कच्चा माल है, टायरों की समग्र लागत संरचना पर केवल मामूली प्रभाव पड़ता है। जबकि एसबीआर की प्रति इकाई लागत पाटनरोधी शुल्क के बाद (रू.***) से (रू.***) तक बढ़ जाती है, टायर उत्पादन लागत में इसकी हिस्सेदारी बढ़कर (रू.***) से (रू.***) हो जाती है। इसका मतलब टायर उत्पादन की कुल लागत में केवल 0.41 प्रतिशत की वृद्धि है।

132. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि गैर-टायर क्षेत्र के किसी भी उपभोक्ता ने वर्तमान पाटनरोधी जांच में हितबद्ध पक्षकारों के रूप में खुद को पंजीकृत नहीं किया है।

133. प्रयोक्ता उद्योग द्वारा यह भी तर्क दिया गया है कि उनके विभिन्न कच्चे माल पर कई व्यापार उपचारात्मक उपाय लगाए गए हैं, जिससे उनकी लागत प्रभावित हुई है। घरेलू उद्योग ने उल्लेख किया है कि पिछले समय में लगाए गए विभिन्न व्यापार उपचारात्मक उपायों के साथ टायर उद्योग का निष्पादन प्रभावित हुआ है और दावा किया है कि व्यापार उपचारात्मक उपायों और टायर उद्योग के निष्पादन के बीच कोई सह-संबंध नहीं है - या तो अलग अलग (कच्चे माल में से एक के लिए) या सामूहिक रूप से (व्यापार उपचार उपाय लगने वाली सभी कच्ची सामग्री के लिए)। चूंकि विचाराधीन उत्पाद टायर उद्योग और अन्य रबर कंपाउंड निर्माताओं के प्रचालनों का महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं है और चूंकि उन सभी उत्पादों (प्रयोक्ता उद्योग द्वारा उपयोग की जाने वाली विभिन्न कच्ची सामग्री) पर शुल्क का प्रभाव नगण्य है, जिनके संबंध में या तो जांच चल रही है या उपाय लागू हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि निचले स्तर के उद्योग की कीमतों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने का प्रभाव नगण्य होगा।

134. यह तर्क दिया गया है कि देश में मांग और आपूर्ति का अंतर है और भारतीय उद्योग मांग को पूरा करने में असमर्थ हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से उत्पाद के आयात पर प्रतिबंध नहीं लगेगा। घरेलू उद्योग ने केवल देश में पाटन के उपाय की मांग की है, जिससे घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हो रही है। देश में मांग-आपूर्ति अंतर घरेलू उद्योग को पाटित आयातों से समाधान मांगने से नहीं रोकता है। पाटनरोधी शुल्क लगाने के बाद भी देश में आयात प्रतिबंधित नहीं हैं। असंबद्ध देशों से आयात हैं, जो होते रहेंगे। यह भी देखा गया है कि घरेलू बाजार

निवेश उचित बाजार सिद्धांतों के आधार पर किया गया था। यह नोट किया जाता है कि प्रयोक्ता उद्योग पाटित आयातों तक पहुंच पर विचार करते हुए अपने प्रचालन की स्थापना करने का दावा नहीं कर सकता है।

135. पाटनरोधी शुल्क का प्राथमिक उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापार परिपाटियों द्वारा घरेलू उद्योग को हुई क्षति को ठीक करना है, जिससे भारतीय बाजार में खुले और न्यायसंगत प्रतिस्पर्धा के वातावरण को बढ़ावा मिलता है। पाटनरोधी उपायों को लगाना संबद्ध देशों से आयात को मनमाने ढंग से कम करने के लिए नहीं बनाया गया है। बल्कि, यह एक समान अवसर सुनिश्चित करने का तंत्र है।

136. यह स्वीकार किया जाता है कि पाटनरोधी शुल्क की निरंतरता भारत में उत्पाद के कीमत स्तर को प्रभावित कर सकती है। तथापि, यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि भारतीय बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का सार इन उपायों के लागू होने से अप्रभावित रहेगा। प्रतिस्पर्धा को कम करने के बजाय, पाटनरोधी उपायों का लगाना पाटन परिपाटियों के माध्यम से अनुचित लाभों के संचय को रोकने का काम करता है। यह संबद्ध सामानों के व्यापक चयन तक उपभोक्ताओं की पहुंच की रक्षा करता है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क बाधा नहीं बल्कि निष्पक्ष व्यापार परिपाटियों के लिए एक सुविधादाता है।

137. यह नोट किया जाता है कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से आयात प्रतिबंधित नहीं होता है। आयात उचित कीमतों पर होता रहेगा। पाटनरोधी शुल्क यह सुनिश्चित करता है कि आयात उचित कीमतों पर भारतीय बाजार में प्रवेश कर रहे हैं और विदेशी निर्यातकों और घरेलू उद्योग के बीच एक समान व्यापारिक क्षेत्र बनाए रखा जाता है।

ट. <u>प्रकटन पश्चात टिप्पणियां</u>

ट.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध:

138. प्रकटन पश्चात अन्य संबंधित पक्षों द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुतियाँ की गई हैं:

क. नियोजित पूंजी पर 22% के निश्चित प्रतिलाभ का आवेदन अनुबंध III के तहत "उचित प्रतिलाभ" की आवश्यकता के अनुरूप नहीं है, क्योंकि यह गैर-हानिकारक मूल्य को बढ़ा देता है और एक पुराने मानक पर आधारित है जिस पर CESTAT के निर्णयों

में सवाल उठाए गए हैं; इसलिए, प्राधिकरण को गैर-डंपिंग स्थितियों में वास्तविक लाभप्रदता के आधार पर प्रतिलाभ निर्धारित करना चाहिए।

ख. प्राधिकरण ने ओ-सी-टी परीक्षण को गलत तरीके से लागू किया है, क्योंकि इसने केवल मासिक लागत तुलना पर विचार किया है, जबकि जांच अवधि की भारित औसत लागतों के मुकाबले कीमतों का आकलन करने की आवश्यकता को नज़रअं दाज़ कर दिया है।

ग. उचित लाभ मार्जिन की गणना के लिए, प्राधिकरण को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सभी बिक्री बाजार की स्थितियों को सटीक रूप से दर्शाती हैं।

घ. कुम्हो की ब्याज आय को बिना किसी औचित्य के उत्पादन लागत की गणना से हटा दिया गया है। प्राधिकरण को ब्याज आय पर विचार करना चाहिए और सी-ओ-पी के निष्पक्ष और सटीक निर्धारण को सुनिश्चित करने के लिए 'नेट आधार' दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

ङ. अखिल भारतीय रबर उद्योग संघ (एआईआरआईए) ने भी कुम्हो के लिए पाटन मार्जिन निर्धारण पर की गई टिप्पणियों को अपनाया है।

च. प्रकटीकरण विवरण टायर उद्योग पर इन उपायों के संयुक्त या संचयी प्रभाव की जांच नहीं करता है और अपने आकलन को वर्तमान शुल्क के सीमांत प्रभाव तक ही सीमित रखता है।

छ. कुल उत्पादन में बहुमत हिस्सेदारी रखने वाले सबसे बड़े घरेलू उत्पादक के आँकड़े पर विचार किए बिना, 'भौतिक क्षति' का प्रतिनिधि आकलन संभव नहीं है।

ज. प्राधिकरण ने प्रकटीकरण विवरण में यह टिप्पणी की है कि "किसी भी संबंधित पक्ष द्वारा ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है जिससे यह सिद्ध हो कि आई-एस-पी-आर-एल को कोई भौतिक क्षति नहीं हो रही है"। यह एक अत्यधिक और अनुचित आवश्यकता थोपता है।

झ. प्रकटन विवरण में उपयोगकर्ता उद्योग द्वारा आई-एस-पी-आर-एल के वित्तीय प्रदर्शन के संबंध में रिकॉर्ड पर रखे गए साक्ष्यों को दर्ज या जांचा नहीं गया है।

ञ. कच्चे माल की कीमतों और घरेलू उद्योग के वित्तीय प्रदर्शन के बीच के सहसंबंध की जांच करना आवश्यक है।

ट. पाटन मार्जिन निर्धारण के लिए केवल भारित औसत आंकड़े पर निर्भर रहना, बिना कीमतों के संबंधों में मासिक या तिमाही आधार पर होने वाले अस्थायी बदलावों की जांच किए, भ्रामक निष्कर्षों की ओर ले जा सकता है।

ठ. डम्पिंग रोधी लगाने के प्रभाव को उन सभी उत्पादों पर विचार करते हुए देखा जाना आवश्यक है जिन पर शुल्क लागू हैं।

ड. प्रकटीकरण विवरण पर टिप्पणियाँ प्रदान करने के लिए प्राधिकरण द्वारा दिया गया समय अपर्याप्त है।

ट.2 घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध:

139. प्रकटीकरण के बाद घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित प्रस्तुतियाँ की गई हैं:

क. घरेलू उद्योग के प्रदर्शन और आयात की मात्रा तथा कीमत को ध्यान में रखते हुए, यह अनुरोध किया जाता है कि प्राधिकरण यह निष्कर्ष निकाले कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है और वास्तविक क्षति का खतरा भी है।

ख. सभी प्रमुख कच्चे माल पर एंटी-डंपिंग शुल्क का संचयी प्रभाव बहुत कम, यानी 0.7% है।

अंतिम टायर की कीमतों पर इसका प्रभाव नगण्य है, भले ही लागत अंतिम उपभोक्ता पर डाल दी जाए।

ग. डंप किए गए आयातों से हुई भारी क्षति से उबरने और बाज़ार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा बहाल करने के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए शुल्क लगाना आवश्यक है। शुल्क की कम अवधि डंपिंग के दीर्घकालिक प्रभावों से निपटने के लिए अपर्याप्त होगी और इससे डंपिंग के जारी रहने या दोबारा होने का जोखिम बना रहेगा।

घ. उत्पाद की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के कारण पाटन रोधी शुल्क के निश्चित रूप की सिफारिश की जा सकती है।

ङ. वर्तमान परिदृश्य में एड-वैलोरम (मूल्य-आधारित) शुल्क उपयुक्त नहीं हो सकता है।

च. घरेलू उद्योग का तर्क है कि इस मामले में, जिन महीनों में सामान्य मूल्य की गणना 'लागत- जमा-लाभ मार्जिन' के आधार पर की गई है, वहाँ लाभ मार्जिन केवल लाभदायक बिक्री पर आधारित होना चाहिए, क्योंकि पी-यू-सी एक पूंजी-प्रधान उत्पाद है। यदि प्राधिकरण ने निर्मित सामान्य मूल्य की गणना में 5% लाभ मार्जिन पर विचार किया है–जो कि प्राधिकरण की एक सुसंगत प्रथा रही है–तो इस मामले में इतना कम लाभ मार्जिन उचित नहीं है।

छ. प्राधिकरण ने कम लाभदायक लेन-देन के कारण कुम्हो पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के लिए सामान्य मूल्य की गणना की है। लाभ मार्जिन केवल लाभदायक बिक्री पर आधारित होना चाहिए। एंटी-डंपिंग नियमों के अनुसार, लाभ सामान्य व्यापार प्रक्रिया के वास्तविक आंकड़ों पर आधारित होना चाहिए; इसका तात्पर्य यह है कि हानि वाले लेन-देनों को लाभ की गणना से बाहर रखा जाना चाहिए।

ज. ग्लास फाइबर के आयात पर एंटी-डंपिंग जांच के मामले में, लाभ मार्जिन का निर्धारण लाभदायक घरेलू बिक्री के आधार पर किया गया था।

झ. डब्ल्यू-टी-ओ की अपीलीय संस्था ने ईसी - ट्यूब या पाइप फिटिंग्स प्रकरण में सामान्य व्यापार से प्राप्त वास्तविक लाभ के उपयोग को अनिवार्य किया है।

ञ. डब्ल्यू-टी-ओ के पैनल ने मोरक्को - एक्सरसाइज बुक्स मामले में भी इस बात की पुष्टि की है कि लाभ मार्जिन वास्तविक आंकड़ों पर आधारित होना चाहिए, और वैकल्पिक तरीकों का उपयोग केवल तभी किया जाना चाहिए जब वास्तविक आंकड़े उपलब्ध न हों।

ट. ई-यू की कार्यप्रणाली लाभ मार्जिन की गणना करते समय गैर-सामान्य (घाटा देने वाली) बिक्री को बाहर रखने को भी मान्यता देती है।

ट.3 प्राधिकारी द्वारा जांच:

140. प्राधिकारी ने संबंधित पक्षों द्वारा किए गए प्रकटीकरण के बाद प्रस्तुति की जांच की है। यह देखा गया है कि इनमें से ज़्यादातर प्रस्तुतियाँ उन तर्कों और बातों को दोहराते हैं जिनकी पहले ही जांच की जा चुकी है और इन अंतिम निष्कर्ष के संबंधित पैराग्राफ में ज़रूरत के हिसाब से उन्हें संबोधित किया जा चुका है। संबंधित पक्षों और घरेलू इंडस्ट्री द्वारा प्रकटीकरण पश्चात टिप्पणियाँ / प्रस्तुतियाँ में पहली बार उठाए गए और

माने गए मुद्दों की नीचे जांच की गई है। ऐसी कोई भी प्रस्तुति जो मात्र पूर्व प्रस्तुतियों की पुनरावृत्ति हो, और जिसकी प्राधिकारी द्वारा ठीक से जांच की गई थी, उसे छोटा बताने के लिए दोहराया नहीं गया है।

141 प्राधिकारी ने यह नोट किया है कि एंटी-डम्पिंग जांच समयबद्ध प्रकृति की होती है। इसके अतिरिक्त, किसी भी इच्छुक पक्ष द्वारा प्रकटीकरण पश्चात टिप्पणियाँ/प्रस्तुतियाँ दाखिल करने हेतु समय विस्तार का कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। अतः यह दावा कि प्राधिकरण ने इच्छुक पक्षों को प्रकटीकरण पश्चात टिप्पणियाँ/प्रस्तुतियाँ दाखिल करने के लिए पर्याप्त समय प्रदान नहीं किया, निराधार एवं अस्वीकार्य है।

142. इच्छुक पक्षों की इस टिप्पणी के संबंध में कि गैर-हानिकारक मूल्य के निर्धारण हेतु प्राधिकरण ने बिना कारण बताए तथा घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित पूंजी पर प्रतिलाभ की ऐतिहासिक दर का खुलासा किए बिना, नियोजित पूंजी पर 22% प्रतिलाभ को अपनाया है, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकरण की निरंतर प्रथा नियोजित पूंजी पर 22% प्रतिलाभ को मानना रही है। वर्तमान जांच में इच्छुक पक्षों द्वारा ऐसा कोई साक्ष्य/प्रस्तुति प्रस्तुत नहीं किया गया है जिससे यह स्थापित हो सके कि नियोजित पूंजी पर 22% प्रतिलाभ अनुचित है।

143. प्राधिकरण ने कुम्हो पेट्रोकेमिकल कंपनी लिमिटेड द्वारा ब्याज आय और व्यय के समायोजन (नेटिंग) संबंधी तर्कों को अस्वीकार करते हुए स्पष्ट किया कि ब्याज व्यय/लागत उत्पादन लागत का हिस्सा होते हैं, क्योंकि वे संचालन के वित्तपोषण से संबंधित हैं, जबकि ब्याज आय गैर-संचालन गतिविधियों, कोष प्रबंधन या निवेश गतिविधियों से उत्पन्न होती है, अतः इसे लागत के विरुद्ध समायोजित नहीं किया जाता। प्राधिकरण ने पूर्व में KPC से संबंधित तथा अन्य जाँचों में भी इसी प्रकार का दृष्टिकोण अपनाया है।

144. इसी प्रकार, प्राधिकरण ने KPC के उस अनुरोध को भी खारिज कर दिया जिसमें घरेलू बिक्री की लाभप्रदता का आकलन पूरे जाँच अवधि के भारित-औसत लागत के आधार पर करने की बात कही गई थी। प्राधिकरण ने यह स्पष्ट किया कि मार्जिन का निर्धारण मासिक आधार पर किया गया ताकि उतार-चढ़ाव को परिलक्षित किया जा सके, अतः बिक्री का परीक्षण मासिक उत्पादन लागत के संदर्भ में किया जाना आवश्यक है। लाभकारी बिक्री की कम मात्रा के मुद्दे पर, प्राधिकरण ने बताया कि

जब किसी माह की कुल बिक्री का 80% से कम हिस्सा लाभकारी होता है, तो सामान्य मूल्य का निर्धारण लाभकारी लेन-देन के आधार पर किया जाता है। तथापि, जिन महीनों में लाभकारी बिक्री असामान्य रूप से कम और प्रतिनिधिक नहीं होती है, उन मामलों में सामान्य मूल्य का निर्माण उत्पादन लागत के साथ SG&A तथा लाभ के लिए उचित जोड़ कर किया जाता है।

145. हितबद्ध पक्षों की इस टिप्पणी पर कि कुछ महीनों में मूल्य कटौती ऋणात्मक है और इसलिए औसत विश्लेषण उचित नहीं है, यह देखा गया है कि कुछ महीनों में कुछ संबंधित देशों के लिए मूल्य कटौती धनात्मक है और दूसरों के लिए ऋणात्मक है। समग्र आधार पर मूल्य कटौती धनात्मक है। यह उतार-चढ़ाव भारतीय बाजार में कार्यरत सभी आपूर्तिकर्ताओं के बीच मूल्य प्रतिस्पर्धा के अस्तित्व को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। मूल्य कटौती की मात्रा यह भी स्थापित करती है कि सभी आपूर्तिकर्ता मूल्यों के आधार पर प्रतिस्पर्धा करते हैं।

146. हितबद्ध पक्षों द्वारा प्रस्तुत इस टिप्पणी पर कि आईएसआरपीएल के आंकड़ों की जांच की जानी आवश्यक है, इस मुद्दे को प्रकटीकरण विवरण में पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है। परिभाषित घरेलू उद्योग को हुई क्षति का निर्धारण किया जाना आवश्यक है। वर्तमान जांच में घरेलू उद्योग एम/एस रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड है, जो नियम 2(b) की आवश्यकता को पूरा करता है।

147. संबंधित पक्षों की इस टिप्पणी पर कि उपयोगकर्ता उद्योग के विभिन्न कच्चे माल के संबंध में कई व्यापारिक उपचार जांचें चल रही हैं और इन सभी कच्चे मालों का संचयी प्रभाव काफी होगा, यह देखा गया है कि यद्यपि उपयोगकर्ताओं ने जांच के दौरान अपनी प्रस्तुतियां दी हैं, लेकिन संचयी प्रभाव के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है। दूसरी ओर, घरेलू उद्योग ने TDQ, Sulf. Acc, PX-13, SBR, Insoluable Sulphur और IIR पर प्रतिस्पर्धात्मक शुल्क के संचयी प्रभाव की जानकारी प्रदान की है। यह देखा गया है कि उन सभी उत्पादों पर जिन पर या तो जांच जारी है या उपाय लागू हैं, शुल्क का प्रभाव 1% से कम है।

ठ. <u>निष्कर्ष</u>

148. उठाए गए तर्कों, प्रदान की गई सूचना और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और प्राधिकारी के समक्ष उपलब्ध तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, जैसा कि उपरोक्त जांच परिणामों में दर्ज किया गया है, और पाटन, क्षति और घरेलू उद्योग से कारणात्मक संपर्क के उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर, प्राधिकारी निम्नलिखित निष्कर्ष निकालते हैं:

क. विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र रोपीय संघ, जापान, कोरिया गणराज्य, रूसी संघ और थाईलैंड के मूल के अथवा वहां से निर्यातित 1500 श्रृंखला का इमल्शन स्टाइरीन ब्यूटाडीन रबर है।

ख. संबद्ध सामान कोड 4002 19 के अंतर्गत सीमा प्रशुल्क अधिनियम 1975 के अध्याय 40 के अंतर्गत वर्गीकृत है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक हैं और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

ग. विचाराधीन उत्पाद पर सीमा प्रशुल्क अधिनियम की अनुसूची- के तहत 10%मूल सीमा शुल्क लगता है और विचाराधीन उत्पाद के आयात भारत-आसियान व्यापक आर्थिक सहयोग करार (आईएसीईसीए), भारत-कोरिया व्यापक आर्थिक प्रतिभागिता करार और जापान-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी करार के तहत रियायत लेते हैं।

घ. पीसीएन की कोई आवश्यकता नहीं थी क्योंकि विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में केवल एक श्रृंखला है।

ड. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सामान, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2 (घ) के अनुसार, संबद्ध देशों से आयात किए जा रहे संबद्ध सामानों की"वस्तु समान" हैं।

च. यह आवेदन-पत्र रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है और इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थित है।

छ. आवेदक का उत्पादन का भारत में समान वस्तु के घरेलू उत्पादन में एक प्रमुख अनुपात है।

ज. अन्य भारतीय उत्पादक के समर्थन से, दोनों कंपनियों की हिस्सेदारी कुल भारतीय उत्पादन का हिस्सा है।

झ आवेदक नियमावली के नियम 2(ख) के तहत परिभाषित किए गए अनुसार घरेलू उद्योग है और आवेदन-पत्र नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार आधार की अपेक्षा को पूरा करता है।

ञ. सामान्य मूल्य, निर्यात मूल्य और पाटन मार्जिन

i. सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्धारित पाटन मार्जिन, साथ ही असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम तथ्यों के आधार पर, नियमावली के तहत निर्धारित न्यूनतम स्तर से ऊपर हैं।

ii. कुम्हो पेट्रोकेमिकल्स कंपनी लिमिटेड (केपीसी), कोरिया और बीएसटी इलास्टोमर्स कंपनी लिमिटेड, थाईलैंड द्वारा दायर उत्तर के आधार पर, यह देखा गया है कि पाटन मार्जिन सकारात्मक है।

iii. यूरोपीय संघ, जापान और रूस से आयात के संबंध में पाटन मार्जिन उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित किया गया है और यह सकारात्मक पाया गया है।

iv. विचाराधीन उत्पाद को सामान्य मूल्य से कम कीमत पर भारत में निर्यात किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप पाटन हुआ है। पाटन मार्जिन न्यूनतम स्तर से अधिक और काफी है।

ट. क्षति और क्षति का खतरा

i. संबद्ध देशों से आयात में निरपेक्ष रूप से और सापेक्ष रूप से वृद्धि हुई है।

ii. आयात कीमत और घरेलू उद्योग की कीमत के विश्लेषण से पता चलता है कि कीमत कटौती सकारात्मक और काफी है। जांच की अवधि के दौरान, आयात ने घरेलू उद्योग की कीमतों को दबा दिया है।

iii. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है।

iv. क्षति की अवधि में नकद लाभ में 51% की गिरावट आई है।

v. घरेलू उद्योग को क्षेति होने का खतरा है जो पाटित आयातों में वृद्धि की महत्वपूर्ण दर, संबद्ध देशों में अधिशेष क्षमताओं, संभावित रूप से आयात के ह्रास/न्यूनीकरण प्रभाव और अन्य देशों द्वारा लगाए गए उपायों से सिद्ध है।

ठ. भारतीय उद्योग का हित

i. प्रयोक्ता उद्योग के उत्तर से यह पता चला है कि विचाराधीन उत्पाद टायर उद्योग के प्रचालन की लागत का अधिक हिस्सा नहीं बनाता है और पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव बहुत कम होगा।

ii. व्यापार उपचारात्मक उपायों और टायर उद्योग के प्रदर्शन के बीच कोई संबंध नहीं है।

iii. देश में मांग-आपूर्ति अंतर घरेलू उद्योग को पाटित आयातों से निवारण मांग करने से नहीं रोकता है और पाटनरोधी शुल्क लगाने से आयात प्रतिबंधित नहीं होते हैं।

iv. प्राधिकारी को घरेलू उद्योग की रक्षा के लिए पाटनरोधी उपायों की आवश्यकता है, प्रयोक्ता और सार्वजनिक हित को संतुलित करते हुए उचित प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करना है। यह पाया गया है कि निचले स्तर के उद्योग और अंतिम प्रयोक्ता पर पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव अधिक नहीं होगा।

ड. <u>सिफारिश</u>

149. पाटनरोधी नियमावली के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में जांच शुरू करने और जांच करने पर, प्राधिकारी का यह मत है कि पाटनरोधी शुल्क लगाना, पाटन को समाप्त करने और परिणामी क्षति को दूर करने तथा क्षति के खतरे को समाप्त करने के लिए अपेक्षित है। प्राधिकारी, संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यात संबद्ध सामानों के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश करना आवश्यक समझते हैं।

150. अपनाए गए कमतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन से कमतर के बराबर अंतिम पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश

करते हैं, ताकि घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त की जा सके। तद्नुसार प्राधिकारी संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर, नीचे दी गई शुल्क तालिका के कॉलम 7 में उल्लिखित राशि के बराबर, केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख पांच (5) पाटनरोधी शुल्क लगाया जाना आवश्यक समझते हैं और उसकी सिफारिश करते हैं।

<u>शुल्क तालिका</u>

क्र.सं.	**प्रशुल्क शीर्ष**	**सामानों का विवरण**	**मूल देश**	**निर्यात का देश**	**उत्पादक**	**राशि**	**इकाई**	**मुद्रा**
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	4002 19	1500 श्रृंखला का इमल्शन स्टाइरीन ब्यूटाडीन रबर (ई-एसबीआर)	यूरोपीय संघ	यूरोपीय संघ सहित कोई देश	कोई उत्पादक	213	एमटी	डॉ.
2	-वही-	-वही-	यूरोपीय संघ, जापान,कोरिया, थाईलैाड और रूस को छोड़कर कोई देश	यूरोपीय संघ	कोई उत्पादक	213	एमटी	डॉ.
3	-वही-	-वही-	जापान	जापान सहित कोई देश	कोई उत्पादक	272	एमटी	डॉ.
4	-वही-	-वही-	यूरोपीय संघ, जापान,कोरिया, थाईलैाड और	जापान	कोई उत्पादक	272	एमटी	डॉ.

			रूस को छोड़कर कोई देश					
5	-वही-	-वही-	कोरिया	कोरिया सहित कोई देश	कुम्हो पेट्रोकेमिकल्स कंपनी लिमिटेड (केपीसी)	51	एमटी	डॉ.
6	-वही-	-वही-	कोरिया	कोरिया सहित कोई देश	क्र.सं. 5 में उल्लिखित को छोड़कर कोई उत्पादक	134	एमटी	डॉ.
7	-वही-	-वही-	यूरोपीय संघ, जापान,कोरिया, थाईलैाड और रूस को छोड़कर कोई देश	कोरिया	कोई	134	एमटी	डॉ.
8	-वही-	-वही-	रूस	रूस सहित कोई देश	कोई	319	एमटी	डॉ.
9	-वही-	-वही-	यूरोपीय संघ, जापान,कोरिया, थाईलैाड और रूस को छोड़कर कोई देश	रूस	कोई	319	एमटी	डॉ.
10	-वही-	-वही-	थाईलैंड	थाईलैंड सहित कोई देश	बीएसटी इलास्टोमर्स कं. लिमिटेड, थाईलैंड	109	एमटी	डॉ.

11	-वही-	-वही-	थाईलैंड	थाईलैंड सहित कोई देश	क्र.सं. 10 में उल्लिखित को छोड़कर कोई उत्पादक	195	एमटी	डॉ.
12	-वही-	-वही-	यूरोपीय संघ, जापान,कोरिया, थाईलैंड और रूस को छोड़कर कोई देश	थाईलैंड	कोई	195	एमटी	डॉ.

** उपर्युक्त में उल्लिखित कंपनियों के लिए निर्दिष्ट अलग अलग शुल्क दरों को लागू करना वैध वाणिज्यिक बीजक का सीमा शुल्क प्राधिकारियों को प्रस्तुत करने की शर्त पर होगा। जिस पर ऐसे बीजक जारी करने वाली इकाई के एक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित और दिनांकित घोषणा होगी,, जिसकी पहचान उसके नाम और कार्य से की जाएगी, जो इस प्रकार तैयार की गई है: 'मैं, अधोहस्ताक्षरी, प्रमाणित करता हूं कि इस बीजक द्वारा कवर किए गए भारत को निर्यात के लिए बेचे गए (उत्पाद संबंधित) की मात्रा (कंपनी का नाम और पता) द्वारा संबद्ध देश में निर्मित की गई थी। मैं घोषणा करता हूं कि इस बीजक में प्रदान की गई सूचना पूर्ण और सही है।' यदि ऐसा कोई बीजक प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो अन्य सभी कंपनियों पर लागू शुल्क लागू होंगे। यह शर्त, लागू सीमा शुल्क कानूनों और विनियमों के तहत सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा स्वतंत्र रूप से की जाने वाली सत्यापन प्रक्रियाओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालती है।*

*** सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक हैं और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।*

151. इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए आयात का पहुंच मूल्य सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) के तहत निर्धारित किए गए अनुसार निर्धारणीय मूल्य होगा और उसमें उक्त अधिनियम की धारा 3, 3क, 88, 9 और 9क के तहत शुल्क को छोड़कर सीमा शुल्क के सभी शुल्क शामिल हैं।

ढ. <u>आगे की प्रक्रिया</u>

152. इन जांच परिणामों के कारण केन्द्रीय सरकार के आदेश के विरुद्ध कोई अपील सीमा प्रशुल्क अधिनियम के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवाक-कर अपीलय अधिकरण के समक्ष की जाएगी।

अमिताभ कुमार

(अमिताभ कुमार)

निर्दिष्ट प्राधिकारी